CMYK

हर सुबह, सच्चाई के संग...जोश के साथ

www.swarajjagran.in

# स्वराज जागरण

लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक

RNI No: UPHIN/2023/90299

लखनऊ, शनिवार
31 जनवरी 2026
वर्ष: 04, अंक: 238
पृष्ठ: 08, मूल्य: ₹2.00/-



अंदर के पृष्ठ
वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे... » 02
राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने .. » 08

@SwarajJagran_up | SwarajJagranLucknow | swarajjagran.up@gmail.com | RNI No: UPHIN/2023/90299

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली समेत कई राज्यों में तीन दिन बारिश का अलर्ट



» नई दिल्ली, एजेंसी।

मौसम के करवट बदलने का सिलसिला अभी थमने नहीं वाला है। नए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राजधानी दिल्ली और राजस्थान में अगले तीन दिन बारिश की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पंजाब में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया तो वहीं हरियाणा का तापमान औसमत के करीब बना रहा। उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं की वजह से ठंड में इजाफा हुआ है। शनिवार को यूपी में कोहरा और ठंड बढ़ सकता है। नए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 1 से 3 फरवरी के बीच बारिश भी हो सकती है।

### सांबा जिले में दिखा संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन, सुरक्षाबल अलर्ट



» नई दिल्ली, एजेंसी।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा दी गई चेतावनी देने के बावजूद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के इंटरनेशनल बॉर्डर से सटे सांबा जिले में शुक्रवार को संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। इस घटना के बाद मुस्तैद भारतीय जवानों का इलाके में सर्च ऑपरेशन ऑपरेशन जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ सेक्टर के रतनपुर गांव में शाम को करीब 7 बजकर 40 मिनट पर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। हालांकि कुछ देर भारतीय सीमा में रहने के बाद ड्रोन पाकिस्तान लौट गया।

उधर, ड्रोन के जरिए हथियार, गोला बारूद और विस्फोटक सामग्री गिराए जाने की आशंका में भारतीय सुरक्षाबलों की तरफ से गांव और आस-पास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक भारतीय सुरक्षाबलों को कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला था।

## ऐतिहासिक फैसला: मासिक धर्म को बताया मौलिक अधिकार

# सुप्रीम कोर्ट का सभी स्कूलों में फ्री सैनेटरी पैड देने का आदेश

### स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग हो शौचालय, उल्लंघन पर मान्यता रद्द

#### अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन का अधिकार

» नयी दिल्ली, एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और दूरगामी फैसला सुनाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे निजी और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा कि मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान में निहित जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।

जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्कूलों में छात्राओं तथा छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने ये भी कहा कि सभी स्कूलों को, चाहे वे सरकार द्वारा संचालित हों या सरकारी नियंत्रण में हों, दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने होंगे।

कोर्ट ने कहा, ''मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का एक हिस्सा है।'' अदालत ने कहा कि अगर कोई प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रहता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अदालत ने यह भी कहा कि अगर सरकारें भी लड़कियों को शौचालय और मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, तो उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा।

#### निजता की रक्षा के लिए राज्य उठाएं ठोस कदम

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजता गरिमा से जुड़ी हुई है, और राज्य का दायित्व है कि वह केवल निजता का उल्लंघन न करे, बल्कि उसकी रक्षा के लिए ठोस कदम भी उठाए। बार एंड बेंच के मुताबिक, कोर्ट ने कहा, समान अवसर तभी संभव हैं, जब सभी को आवश्यक संसाधन और



» कहा- बंद करें ऐसे स्कूल, जो बेटियों को न दे सकें स्वास्थ्य सुविधा।

जानकारी मिले। अपने फैसले में कोर्ट ने समाज को एक गहरा संदेश देते हुए कहा, यह फैसला उस बच्ची के लिए है जो झिझक के कारण मदद नहीं मांग पाती, उस शिक्षक के लिए है जो मदद करना चाहता है लेकिन संसाधनों की कमी से बंधा है, और उन माता-पिता के लिए है जो चुप्पी के असर को नहीं समझते।

कोर्ट ने साफ कहा कि मासिक धर्म के कारण अगर कोई बच्ची स्कूल नहीं जा पाती, तो गलती उसकी नहीं, बल्कि व्यवस्था और सोच की है।

शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसमें स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी केंद्र सरकार की नीति को कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने की मांग की गई थी।

#### स्वच्छता सुविधाओं की कमी गरिमा का उल्लंघन!

पीठ ने कहा, जीवन का अधिकार केवल जीवित रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गरिमा, स्वास्थ्य, समानता और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मासिक धर्म स्वास्थ्य इन्हीं अधिकारों का एक अहम हिस्सा है। कोर्ट ने माना कि मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता सुविधाओं की कमी बच्चियों की गरिमा का उल्लंघन है, क्योंकि गरिमा का अर्थ है बिना अपमान, भेदभाव और अनावश्यक पीड़ा के जीवन जीना।


#### कोर्ट के सामने शिक्षा-गरिमा से जुड़ा सवाल

कोर्ट के सामने सवाल था कि स्कूलों में अलग शौचालयों की कमी, सैनिटरी पैड या अन्य साधनों की अनुपलब्धता क्या ये शिक्षा के अधिकार और सम्मानजनक जीवन का उल्लंघन है? इस पर कोर्ट ने कहा कि इन सुविधाओं का अभाव बच्चियों को स्कूल छोड़ने या अनुपस्थित रहने के लिए मजबूर करता है, जो शिक्षा के अधिकार का सीधा हनन है।

#### कागज से जमीन तक योजनाओं का असर

## उत्तर प्रदेश ने विकास में बनाया नया रिकॉर्ड

### डिजिटल गवर्नेंस में मजबूत पहचान, पीएम आवास सहित कई योजनाओं में बना देश में नंबर वन राज्य



» नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर उत्तर प्रदेश ने विकास के हर क्षेत्र में देश में मजबूत पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार राष्ट्रीय योजनाओं में अग्रणी स्थान हासिल कर रहा है, जिससे परिणाम आधारित शासन मॉडल स्पष्ट रूप से सामने आया है।

योगी सरकार में योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने पर विशेष जोर दिया गया। आवास, कृषि, उद्योग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, डिजिटल गवर्नेंस और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कारोबारी सहूलियत के मामले में भी प्रदेश टॉप अचीवर्स स्टेट के रूप में उभरा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। बीते करीब नौ वर्षों में 62 लाख से अधिक परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं अटल पेंशन योजना में पंजीकरण के मामले में भी प्रदेश ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। कृषि क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश गन्ना, चीनी, खाद्यान्न, आम, दूध और आलू के उत्पादन में देश में अग्रणी बना हुआ है। डीबीटी के माध्यम से किसानों को अनुदान का सीधा भुगतान कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।

प्रदेश में सात एक्सप्रेसवे और चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हो रहे हैं, जबकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माणाधीन है। ग्रामीण शौचालय निर्माण और उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरण में भी उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। डिजिटल गवर्नेंस, सरकारी ई मार्केटप्लेस के जरिये खरीद, कौशल विकास, शिक्षा और एथेनॉल उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाई है, जो उत्तर प्रदेश के तेज और समावेशी विकास को दर्शाता है।

## चांदी-सोना, रुपया सब धड़ाम, 24 घंटे में 88 हजार गिरा भाव, सोना 25000 सस्ता

### मुनाफाखोरी ने बिगाड़ा था खेल, टैरिफ और ईरान संकट का भी असर

» नई दिल्ली, एजेंसी।

बीते गुरुवार को सोना और चांदी की ऐतिहासिक बढ़त ने आम लोगों की टेंशन बढ़ा दी थी लेकिन एक ही दिन में सारा खेल बदल गया है। दरअसल, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गुरुवार को चांदी ने 4,20,048 रुपए प्रति किलोग्राम का नया शिखर छुआ था। रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के ठीक एक दिन बाद मुनाफावसूली ने बुलियन बाजार को झकझोर दिया। मार्च में समाप्त होने वाले चांदी के वायदा भाव में लगभग 17 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 3,32,002 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। यह गिरावट सिर्फ 24 घंटे में लगभग 21 प्रतिशत (88,046 रुपये प्रति किलोग्राम) की है।

एमसीएक्स पर अप्रैल में समाप्त होने वाले सोने के वायदा भाव में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 1,67,406 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया। एक दिन पहले ही सोने के वायदा भाव ने 1,93,096 रुपये प्रति 10 ग्राम का नया उच्चतम स्तर छुआ था। इसका मतलब है कि सोने के वायदा भाव में सिर्फ 24 घंटे में 13 प्रतिशत की गिरावट आई।



शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं। जानकारी के मुताबिक 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी गिरावट देखी गई क्योंकि हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशकों ने तेज़ गति से मुनाफावसूली शुरू कर दी। यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की। उन्होंने कहा कि डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा।

## बीमा कंपनियों से ठगी के मामलों में फर्जी विवेचना का भंडाफोड, इंस्पेक्टर समेत 13 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### एसआईटी जांच में खुलासा: सडक दुर्घटनाओं में वाहन और चालक बदलकर किया गया फर्जीवाड़ा

#### { बड़ा एक्शन }

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

गोंडा। देवीपाटन परिक्षेत्र में सडक दुर्घटना मामलों की विवेचना में हुए फर्जीवाडे और भ्रष्टाचार का बडा खुलासा हुआ है। बीमा कंपनियों से ठगी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने कडा रुख अपनाया है। बीमा कंपनियों की शिकायत पर गठित विशेष जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती जनपदों में कुल 13 मामलों में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के बाद एक निरीक्षक समेत 12 उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा तीन अन्य उपनिरीक्षकों के विरुद्ध निलंबन और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी जारी है। एसआईटी जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कई सडक दुर्घटना मामलों में वास्तविक वाहन चालक को





बचाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को चालक दर्शाया गया। कुछ प्रकरणों में दुर्घटना में शामिल वास्तविक वाहन के स्थान पर किसी दूसरे वाहन को दिखाकर बीमा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया।

इस फर्जीवाडे से न केवल बीमा कंपनियों को आर्थिक नुकसान पहुंचा, बल्कि दुर्घटना पीड़ितों को भी समय पर न्याय नहीं मिल सका।

जांच रिपोर्ट में पुलिस विवेचना की गंभीर लापरवाही और मिलीभगत उजागर होने के बाद आईजी अमित पाठक ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवेचना में पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे भी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

बहराइच जनपद में थाना हरदी के निरीक्षक अरुण कुमार सहित उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी रामगांव, अशोक कुमार जायसवाल नवाबगंज, तेज नारायण यादव, राकेश कुमार मटेरा, राजेश्वर सिंह नानपारा, रूपनारायण गोड़ रामगांव, विजय यादव, दिवाकर तिवारी मोतीपुर और मेहताब आलम बौंडी को निलंबित किया गया है।

गोंडा जनपद में उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय खरगूपुर और शशांक मौर्य इटियाथोक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

श्रावस्ती जनपद में उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी और प्रेमचंद इकौना पर कार्रवाई हुई है। वहीं श्रावस्ती के भिनगा क्षेत्र में निरीक्षक योगेश सिंह और उपनिरीक्षक गुरुदेव सिंह के मामले में निलंबन की प्रक्रिया प्रचलित है।

यह कार्रवाई पुलिस विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बडा कदम मानी जा रही है।


## आयकर छापे के बाद कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

#### { रेड से परेशान }

» बंगलूरू, एजेंसी।

रियल एस्टेट कंपनी कॉन्फिडेंट ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष सीजे रॉय ने आत्महत्या कर ली है। माना जा रहा है कि वह बार-बार पड़ रहे आयकर विभाग के छापों से परेशान थे। रॉय शुक्रवार को बंगलूरू में अपने कार्यालय में मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम रूप से कुछ कहा जा सकता है।

पुलिस आयुक्त के अनुसार, सीजे रॉय को शहर के रिचमंड सर्कल के पास स्थित अपने कार्यालय में गोली लगने की खबर आई। गोली उनके लाइसेंसी हथियार से चली है। आशंका है कि उन्होंने खुद ही गोली मारी है। पुलिस ने बताया कि गोली की आवाज सुनते ही कार्यालय के कर्मचारी कमरे में पहुंचे और रॉय को खून से लथपथ



हालत में पाया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को ही आयकर विभाग ने रॉय से जुड़े ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। पुलिस इस पहलू को भी ध्यान में रखते हुए भी मामले की जांच कर रही है।

कॉन्फिडेंट ग्रुप को चलाने के अलावा, उन्होंने कई सामाजिक कार्यों और मनोरंजन जगत में भी बड़ा योगदान दिया है। पिछले सीजन, यानी बिग बॉस कन्नड़-11 के लिए उन्होंने 50 लाख रुपये देकर सुर्खियां बटोरी थीं।

#### #तीखी नोंकझोंक — काफिले के आगे 50 गाड़ियां लगाईं, धक्का-मुक्की, बवाल

## यूपी के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का बीजेपी विधायक ने रोका रास्ता

### दो टूक- 20 दिन का समय मांगा गया है और अगर काम पूरे नहीं हुए तो लखनऊ जाएंगे

» दोनों के बीच हुई जमकर बहस, समर्थकों ने भी लगाया जोर।

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण ब्यूरो।

महोबा। यूपी के महोबा में भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत की अपने ही सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से भिड़ंत हो गई। उन्होंने कई गांवों के प्रधानों के साथ मंत्री का काफिला रोक लिया और जल जीवन मिशन में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया। इस दौरान भाजपा विधायक काफी नाराज नजर आए और चेतावनी दी कि अगर काम नहीं हुआ तो छोड़ेंगे नहीं, क्योंकि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है। बृजभूषण ने हर घर जल योजना पर कहा कि इसके काम पूरे करवाने के लिए किसी को भी रोकना पड़े रोकूंगा।

महोबा की चरखारी विधानसभा सीट से विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा, हर घर जल योजना पीएम मोदी की योजना है। उसका कार्य पूरा करवाने के लिए किसी को



भी रोकने की जरूरत पड़ेगी तो रोकूंगा। यह जनता की समस्या का समाधान करने के लिए जनता ने मुझे चुना है और पार्टी ने टिकट दिया है। जनता की सेवा करने के लिए किसी को भी रोकना पड़े तो यह मेरा कर्तव्य है और उससे पीछे नहीं उठूंगा। योजना छह साल से चल रही है और अभी तक काम पूरे नहीं हो रहे।

उन्होंने आरोप लगाया कि टंकियां चू रही हैं, सड़कें खुदी हुई हैं, जलभराव है, ऐसी समस्याओं के बारे में मंत्री को अवगत करवाया है। उन्होंने 20 दिन का समय मांगा और कहा कि ये सब ठीक होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि मैं भी चलता हूं, निरीक्षण करता हूं, लेकिन वे नहीं गए। अब 20 दिन का समय लिया, काम करते हैं या नहीं, उनके कार्यशैली पर निर्भर करेगा। अगर वे काम करते हैं तो अच्छी बात है, लेकिन नहीं करेंगे तो हम छोड़ेंगे नहीं, क्योंकि ये पीएम मोदी की योजना है।

पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा विधायक ने आगे कहा, हमारे लिए जनता जरूरी है, उनके काम जरूरी है। यहां कई प्रधान आए हैं कि काम अच्छा नहीं हो रहा है। कार्यक्रम हमारे लिए जरूरी नहीं है, जनता की सेवा जरूरी है। सरकार की योजना सही से चल रही है या नहीं, यही तो मंत्री का कर्तव्य है, वह इसे पूरा करें। मेरा बर्ताव अच्छा नहीं लगा तो नमस्ते। जनता के लिए चुना गया हूं, उसके लिए लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि मैं बातों से संतुष्ट होने वाला विधायक नहीं हूं, काम जब पूरा हो जाएगा, तब हो जाऊंगा। काम नहीं होगा तो जनता के साथ, प्रधानों के साथ लखनऊ जाना पड़ेगा तो जाएंगे।

दरअसल, यूपी सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर महोबा पहुंचे थे। यहां पर उन्हें भाजपा विधायक बृजभूषण ने कई गांवों के प्रधानों के साथ घेर लिया और हर घर जल योजना के तहत होने वाले कार्यों के पूरे न होने का आरोप लगाया। दोनों के बीच काफी नोकझोंक हुई। भीड़ इकट्ठी होने के बाद मंत्री ने भाजपा विधायक को अपनी गाड़ी में ही बैठा लिया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां बैठक हुई। हालांकि, इसके बाद भी भाजपा विधायक के तेवर में बदलाव नहीं आया और दो टूक कहा कि 20 दिन का समय मांगा गया है और अगर काम पूरे नहीं हुए तो लखनऊ जाएंगे।

CMYK

# वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने जमीन पर बैठकर सुने गांधी जी के प्रिय भजन

» मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिखा अलग अंदाज।

» शहीदों को नमन, भजन संध्या में हुए शामिल।

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।



**लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित शहीद स्मारक स्थल, एमजी रोड पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन किया। उन्होंने दीपदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रपिता के विचारों को स्मरण किया।**

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भजन संध्या में शामिल हुए। उन्होंने शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शांत भाव से भाग लिया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित भजनों को सुना। इस दौरान पूरा वातावरण श्रद्धा और भावनाओं से भर गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमीन पर बिछाए आसन पर बैठकर भजन संध्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे और रघुपति राघव राजा राम सहित महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों के दौरान शहीद स्मारक स्थल पर मौजूद लोग भावविभोर नजर आए।

### बाल वैज्ञानिक पूजा को दी शाबाशी, कहा- बेफिक्र होकर आगे बढ़ते रहो

थ्रेशर मशीन से उड़ने वाली धूल को कैद करने वाला मॉडल बनाने वाली छात्रा पूजा पाल शुक्रवार को माता-पिता के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। अपने इस आविष्कार और राष्ट्रीय स्तर पर नाम करने के लिए बीते माह नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया था।

सीएम से मुलाकात के दौरान पूजा ने पुरस्कार दिखाया और योगी ने उन्हें शाबाशी देते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए हौसला अफजाई की। सीएम ने कहा कि बेफिक्र होकर आगे बढ़ते रहो। पूजा सिरौलीगौसपुर तहसील के डलई पुरवा की रहने वाली हैं। उनके पिता पुत्तीलाल मजदूरी करते हैं और मां सुनीला देवी सरकारी स्कूल में रसोइया हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में पली-बढ़ी पूजा ने घर के काम, पढ़ाई और पशुओं की देखभाल साथ-साथ की। आठवीं कक्षा में पढ़ते समय उन्होंने देखा कि थ्रेशर मशीन से निकलने वाली धूल किसानों और आसपास के लोगों के लिए परेशानी बनती है। गाइड शिक्षक राजीव श्रीवास्तव की देखरेख में उन्होंने टीन और पंखे से एक सरल मॉडल बनाया, जिससे धूल एक थैले में इकट्ठा हो जाती है।

उनका मॉडल जिला, मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ और 2024 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान मेले में भी प्रदर्शित किया गया।

जून 2025 में उन्हें शैक्षिक भ्रमण के लिए जापान भेजा गया। सीएम योगी से मुलाकात के दौरान पूजा के साथ पिता पुत्तीलाल, माता सुनीला देवी और घर आई नन्ही परी एनजीओ संस्थापक डॉ. ईभा पटेल भी उपस्थित रहीं।

# डबल इंजन ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे: अखिलेश

## स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक तकरार पर सपा मुखिया ने ली चुटकी, किया टवीटर पर पोस्ट



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। यूपी के महोबा में शुक्रवार को भाजपा के विधायक बृजभूषण राजपूत ने योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के काफिले को बीच सड़क पर रोक दिया। इसे लेकर यूपी में सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुटकी लेते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अखिलेश यादव ने लिखा की हमने तो पहले ही कहा था कि भाजपा के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।**

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लिखा-'महा समाचारः स्वतंत्र बने बंधक! भाजपा के विधायक बृजभूषण राजपूत ने क्षेत्र की बदहाल सड़कों, गांवों में पेयजल संकट और जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया।

हमने तो पहले ही कहा था कि भाजपा के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। पैसे कमाने और ज़मीन क़ब्ज़ाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए वो एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भाजपा के ही विधायक द्वारा, अपनी ही भाजपा सरकार के मंत्री को बंधक बनाना दर्शाता है कि भाजपा सरकार के विधायक अब अगले चुनाव में हारने वाले हैं। वैसे ये न सोचा जाए कि ये इन दोनों के बीच की ही लड़ाई है, दरअसल ये तो केवल सैम्पल या कहें नमूना है, हर विधानसभा क्षेत्र में यही हाल है। इस बार भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिलेंगे। भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है।'

एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को महोबा पहुंचे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के काफिले को चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत ने रोक लिया। उनके साथ 30-40 गांवों के प्रधान और इतनी ही गाड़ियां थीं। विधायक समर्थकों ने मंत्री के काफिले के रास्ते पर आड़ी-तिरछी गाड़ियां खड़ी कर दीं। मंत्री के गाड़ी से उतरते ही विधायक ने अपने क्षेत्र में हर घर नल योजना की दुर्दशा बतानी शुरू कर दीं। दोनों के बीच नोकझोंक होने लगी। यह देख नेताओं और अधिकारियों ने बीच-बचाव किया। मंत्री विधायक को अपनी कार में बैठा कर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां एक घंटे तक बैठक चली।

बैठक के बाद मंत्री वापस लौट गए जबकि विधायक ने कहा कि समस्याएं हल न हुई तो लखनऊ जाकर मंत्री का घेराव करेंगे।

# लखनऊ से जेद्दा जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित



» शहर संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जेद्दा के लिए उड़ान भरने वाला सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान (एसवी 891) शुक्रवार दोपहर अचानक रास्ते से वापस लौट आया और लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस घटना के कारण एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई और विमान में सवार यात्री भी डर और चिंता में थे।**

जानकारी के अनुसार, विमान दोपहर 12:05 बजे लखनऊ से रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ समय बाद केबिन प्रेशर में समस्या उत्पन्न हो गई। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल रूप से बनाए रखा जाता है ताकि 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर भी यात्रियों को सांस लेने में कोई दिक्कत न हो। लेकिन इस विमान में खराबी के कारण यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगने की कोशिश की, लेकिन अनुमति न मिलने पर उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क कर वहां सुरक्षित लैंडिंग कराई। करीब 1:45 बजे विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा।

विमान में क्रू मेंबर समेत 285 यात्री सवार थे। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं और विमान में आई खराबी को ठीक करने के लिए तकनीकी टीम ने जांच शुरू कर दी है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि घटना के बावजूद यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि रही और इमरजेंसी प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

प्रोत्साहनः



थ्रेशर मशीन से उड़ने वाली धूल को कैद करने वाला मॉडल बनाने वाली छात्रा पूजा पाल शुक्रवार को माता-पिता के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं।

# प्रदेश भर में आज से विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान, बीएलओ दिखाएंगे मतदाता सूची

## देख सकेंगे एसआईआर में काटे गए लोगों के नाम की लिस्ट

» महिलाओं का नाम जोड़ने पर विशेष जोर।

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आज शनिवार से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलेगा। सभी बूथों पर बीएलओ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे। वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काटे गए 2.89 करोड़ लोगों के नाम की सूची मतदाताओं को दिखाएंगे। मौके पर ही नाम जुड़वाने को फॉर्म-6 भरने की सुविधा मिलेगी।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने निर्देश दिए हैं कि सभी डीएम यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बूथ पर समय से बीएलओ पहुंचे। ऐसे लोग जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं उनको मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरने की सुविधा मिलेगी।



उधर, यूपी में एसआईआर में सबसे ज्यादा नाम महिलाओं के कटे हैं। ऐसे में अब सभी जिलों में बूथवार महिलाओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सभी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने-अपने बूथ पर छूटी हुई महिलाओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए गए हैं।

### 1073 प्रवासी भारतीयों ने मतदाता बनने को भरा फॉर्म

यूपी में अब तक 1073 प्रवासी भारतीयों ने मतदाता बनने को फॉर्म-6 ए भरा है। चुनाव आयोग दूसरे देशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने निर्देश हैं कि वह प्रवासी भारतीयों को मतदाता फॉर्म भरवाने पर जोर दें। 18 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग जो भारत की नागरिकता रखते हैं और रोजगार, शिक्षा व अन्य कारणों से विदेश में निवास कर रहे हैं, पर किसी अन्य देश की नागरिकता न ग्रहण की हो, वे मतदाता बन सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म voters.eci.gov.in व ईसीआईनेट मोबाइल एप के माध्यम से भरे जा सकेंगे। प्रवासी भारतीयों के नाम मतदाता सूची में शामिल होंगे लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं मिलेगा।

# अब कौशल विकास केंद्रों पर भी युवाओं को अखबार पढ़ना अनिवार्य, बनेंगे आत्मनिर्भर

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक व अटल आवासीय विद्यालयों के साथ-साथ ही अब कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्रों के युवा भी अखबारों से खुद को अपडेट कर सकेंगे। इसके लिए कौशल विकास मिशन की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर अखबार का पठन-पाठन अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में यहां पर एक लाख से अधिक युवा विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।**

कौशल विकास मिशन का लक्ष्य है कि युवाओं को केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित न रखा जाए। बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी नागरिक बनाने की दिशा में काम किया जाए। इसी क्रम में कौशल विकास मिशन की ओर से प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर समाचार-पत्र पठने को अनिवार्य किया गया है।



इससे ये युवा कौशल विकास के साथ-साथ देश-दुनिया की घटनाओं, समसामयिक विषयों और सामान्य ज्ञान से भी नियमित रूप से जुड़ेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश का युवा केवल तकनीकी रूप से दक्ष ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक परिदृश्य की समझ रखने वाला भी बने।

इस निर्णय का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों की रोजगार-क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना है। इसके तहत कौशल विकास केंद्रों, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और प्रोजेक्ट प्रवीण सहित सभी योजनाओं के तहत संचालित बैचों में कक्षा की शुरुआत समाचार-पत्र पठन से होगी। इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) और प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन एजेंसियों (पीआईए) को अपने-अपने केंद्रों पर प्रतिदिन कम से कम एक हिंदी और एक अंग्रेजी अखबार अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

### सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, भाषा शैली सुधरेगी

कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि अखबार पढ़ने से प्रशिक्षार्थियों का सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स मजबूत होगा। जो सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों में चयन के लिए आवश्यक है। संपादकीय और लेखों के अध्ययन से भाषा शैली, शब्दावली और विचार अभिव्यक्ति में सुधार होगा।

समाचारों के विश्लेषण से युवाओं में समालोचनात्मक चिंतन विकसित होगा, इससे वे निर्णय लेने में अधिक सक्षम बनेंगे। वहीं पहेलियों, सांस्कृतिक लेखों और प्रेरक कथाओं से छात्रों में एकाग्रता, धैर्य और संवेदनशीलता जैसे गुण भी विकसित होंगे।

### जिला समन्वयक, डीपीएम करेंगे नियमित निरीक्षण

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इसकी निगरानी के लिए जिला समन्वयक, एमआईएस मैनेजर, डीपीएम और बीपीएम को निर्देश दिया गया है कि वे अपने हर महीने के निरीक्षण में इसकी विशेष समीक्षा करें और रिपोर्ट में इसका स्पष्ट उल्लेख करें। इसे प्रशिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा माना जाएगा। दैनिक समाचार-पत्र पठने को पाठ्यक्रम में शामिल कर युवाओं में समालोचनात्मक सोच, वैश्विक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

# पुलिस कर्मियों के आश्रितों को वितरित किए 31.18 करोड़ के चेक



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश द्वारा विभिन्न जनपदों में अलग-अलग तिथियों में मृत पुलिस कर्मियों के शोक संतप्त आश्रित परिजनों तथा सड़क/ट्रेन दुर्घटनाओं में दिव्यांग हुए पुलिस कर्मियों को बैंक ऑफ बड़ौदा के पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के चेक प्रदान किए गए।**

उत्तर प्रदेश पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मध्य किए गए एमओयू के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत अथवा दिव्यांग पुलिस कर्मियों को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुल 17 मृत पुलिस कर्मियों के परिजनों एवं 4 दिव्यांग पुलिस कर्मियों सहित 21 लाभार्थियों को लगभग 31 करोड़ 18 लाख 4 हजार 550 रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।


# पुलिस के पास दंड देने का हक नहीं, हाफ एनकाउंटर पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

» डीजीपी और गृह सचिव पूछा गोली मारने के किसने दिए लिखित आदेश।

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों के पैरों में गोली मारने और इसे मुठभेड़ करार देने की यूपी पुलिस की प्रथा को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आचरण पूरी तरह अस्वीकार्य है क्योंकि दंड देने का अधिकार केवल न्यायालयों के पास है, पुलिस के पास नहीं। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने मिर्जापुर के राजू उर्फ राजकुमार व दो अन्य की जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए दिया। तीनों पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए थे।**

कोर्ट ने डीजीपी और गृह सचिव से यह बताने को कहा है कि क्या पुलिस अधिकारियों को पुलिस मुठभेड़ का दावा करते हुए आरोपियों



के पैरों में गोली मारने या किसी अन्य प्रकार से गोली मारने के लिए कोई मौखिक या लिखित निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस मुठभेड़ की प्रथा, विशेष रूप से आरोपी व्यक्तियों के पैरों में गोली चलाना, नियमित घटना बन गई है। यह स्पष्ट रूप से वरिष्ठ अधिकारियों को प्रसन्न करने या सजा के रूप में आरोपी को तथाकथित सबक सिखाने और आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए किया जाता है।

कोर्ट ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राज्य है जो कानून के शासन द्वारा शासित है इसलिए कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के कार्य स्पष्ट व सुस्पष्ट हैं पुलिस द्वारा न्यायिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि कुछ पुलिस अधिकारी उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने या घटनाओं को पुलिस मुठभेड़ के रूप में चित्रित करके जनता की सहानुभूति का आभास कराने के लिए अपने अधिकार का दुरुपयोग कर रहे होंगे।

कोर्ट ने कहा कि इस न्यायालय के सामने अक्सर ऐसे मामले आते हैं, जहां चोरी जैसे मामूली अपराधों में भी पुलिस घटना को पुलिस मुठभेड़ का रूप देकर अंधाधुंध गोलीबारी का सहारा लेती है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी पुलिस अधिकारी को कोई चोट नहीं आई है, जिससे इन मुठभेड़ में आग्नेयास्त्रों के उपयोग की आवश्यकता और आनुपातिकता पर और भी सवाल उठते हैं। जमानत अर्जियों में से एक में कोर्ट ने यह जवाब देने का निर्देश दिया था कि क्या पुलिस मुठभेड़ के संबंध में कोई एफआईआर दर्ज की गई है और क्या घायल का बयान मजिस्ट्रेट या किसी चिकित्साधिकारी के समक्ष दर्ज किया गया है।

इसके जवाब में कहा गया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी लेकिन घायल का बयान न तो मजिस्ट्रेट के समक्ष और न ही किसी चिकित्साधिकारी द्वारा दर्ज किया गया। यह भी बताया गया कि पहले एक सब-इंस्पेक्टर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था लेकिन अब यह जिम्मेदारी एक इंस्पेक्टर को सौंपी गई है।

# सपा के नेता इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर की सीसामाऊ सीट के सपा पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग में दाखिल याचिका खारिज़ कर दी है। इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है।**

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गत 12 जनवरी को इस पर बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। कानपुर के इरफान सोलंकी पर जमीन कब्जाने सहित कई मुकदमे दर्ज़ हैं। जिससे उसके खिलाफ जाजमऊ थाने में दिसंबर 2022 को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट से जारी सम्मन सहित पूरी कार्रवाई रद्द करने की मांग में इरफान सोलंकी ने याचिका की थी। इरफान



के वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह का कहना था कि याची निर्दोष है। राजनीतिक रंजिश में उसे फंसाया गया है। गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते समय उसके प्रावधानों का पालन नहीं किया गया।

अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता रूपक चौबे का कहना था कि याची का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसका संगठित गिरोह है। गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते समय उसके प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया गया है। मुकदमे का ट्रायल शुरू हो चुका है और एक गवाह का बयान भी दर्ज किया जा चुका है।

# सरकारी जमीन पर अवैध खनन, एसडीएम का बड़ा एक्शन, जेसीबी-डंपर किया सीज

» विशेष संवाददाता, स्वराज जागरण।

**मोहनलालगंज। लखनऊ के मोहन लाल गंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव में ग्राम सभा की पशुचर भूमि पर हो रहे अवैध खनन ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। गाटा संख्या 1567/2 रकबा 2.661 हेक्टेयर की आंशिक भूमि पर बीते करीब दस दिनों से लगातार अवैध खनन किया जा रहा था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंख मूंदे बैठे रहे।**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की शह पर ही अवैध खनन बेरोकटोक चलता रहा। कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो पुलिस ने कोई कार्रवाई की और न ही खनन कार्य को रुकवाया गया। ग्राम सभा की भूमि को लगातार





नुकसान पहुंचता रहा और खनन माफिया खुलेआम मिट्टी उठाते रहे।

मामला उस समय तूल पकड गया जब अवैध खनन की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने मजबूर होकर एसडीएम पवन पटेल से शिकायत की। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एसडीएम के नेतृत्व में एडीएम के साथ टीम मौके पर पहुंची।

मौके पर अवैध खनन को रंगे हाथ पकडा गया। एसडीएम की सक्रियता के चलते खनन में लगे एक डंपर और एक जेसीबी मशीन को मौके से सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान डंपर संख्या यूपी32 एक्स एन9151 और जेसीबी मशीन संख्या यूपी32 यूएन 1137 को कब्जे में लिया गया।

डंपर चालक अवनीत कुमार रावत निवासी निगोहा तथा जेसीबी चालक अमन यादव निवासी गोसाईगंज लखनऊ को उपनिरीक्षक ललित कुमार सिंह के सुपुर्द किया गया। लेखपाल आशीष अवस्थी की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि यह खनन बिना किसी वैधानिक अनुमति के ग्राम सभा की भूमि पर किया जा रहा था। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई अपेक्षित बताई गई है।

मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने लापरवाही और संदिग्ध भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को कडी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों को नजरअंदाज किया गया तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरे प्रकरण ने यह साफ कर दिया है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर समय रहते ईमानदार कार्रवाई होती, तो ग्राम सभा की कीमती भूमि को लूट से बचाया जा सकता था। अब सबसे बडा सवाल यह है कि क्या पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होगी या यह मामला केवल खनन करने वालों तक ही सीमित रह जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न

{ समीक्षा बैठक }

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हरदोई। गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की गई।**




बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट लगवाने और सड़क चौड़ीकरण के निर्देश दिए। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव मार्ग की जर्जर सड़क को लेकर शासन को भेजे गए प्रस्ताव के क्रम में पुनः अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएसएन कालेज के सामने सीसी रोड निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही खराब विद्युत पोलों की तत्काल मरम्मत कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर उनकी व्यावहारिक समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए, जिससे जिले के औद्योगिक विकास को और गति मिल सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# नुमाइश चौराहे से डीएम चौराहे तक खाली कराए फुटपाथ



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हरदोई। नगरीय निकाय की टीम द्वारा बृहस्पतिवार को शहर में नुमाइश चौराहे से डीएम चौराहे तक अभियान चलाकर फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर रखी गई सामग्री को जब्त किया गया।**

शासन के निर्देश पर शहरों और नगरीय निकाय क्षेत्रों में फुटपाथ अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद की टीम ने शाहजहांपुर मार्ग पर सघन कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि अतिक्रमण प्रभारी अमित सिंह चौहान के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान दुकानों के बाहर फुटपाथ तक किए गए अस्थायी निर्माण और सामग्री को हटवाया गया। कुछ दुकानदारों की सामग्री जब्त की गई।

टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा फुटपाथ पर अतिक्रमण किए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान आशीष अवस्थी, नगर पालिका की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

# मोहनलालगंज में फर्जी बैनामा कांड का खुलासा, फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

» शहर संवाददाता, स्वराज जागरण।

**मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहन लालगंज तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में जालसाजों द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर पैतृक भूमि की रजिस्ट्री कराए जाने के गंभीर मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फरार महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बीते वर्ष अक्टूबर में दर्ज शिकायत के बाद से चर्चा में था।**

लखनऊ के ऐशबाग निवासी सैय्यद फरहान हुसैन ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता स्वर्गीय मोहम्मद उवैस की मृत्यु 12 जुलाई को हो चुकी है और वह ग्राम घुसकर परगना मोहनलालगंज स्थित पैतृक भूमि के वैध उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के अन्य सदस्यों का भी पूर्व में निधन हो चुका है।




शिकायत के अनुसार, 20 अगस्त को वरासत दर्ज कराने तहसील पहुंचने पर उन्हें जानकारी हुई कि शहाबुद्दीन निजामुद्दीन उस्मानी निवासी सूरत गुजरात, भगवान देई चौहान निवासी मानक नगर लखनऊ तथा विमल गिरि निवासी महाराजगंज ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत मृत व्यक्तियों के स्थान पर अन्य लोगों को प्रस्तुत कर कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए भूमि का बैनामा अपने पक्ष में करा लिया है।

मामले की जांच में रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम द्वारा फर्जी विक्रेता बनकर रजिस्ट्री कराने की पुष्टि हुई थी, जिन्हें पुलिस दिसंबर माह में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

इसी प्रकरण में बैनामे की फर्जी गवाह बनी महिला भगवान देई चौहान लंबे समय से फरार चल रही थी। शुक्रवार को सूचना मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस ने उसे कैसरबाग बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि वह पैसों के लालच में तहसील में फर्जी गवाह बनी थी और इसके बदले उसे 1500 रुपये दिए गए थे।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। साथ ही इस फर्जी बैनामा कांड में अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी गहन जांच जारी है।

# बेटी की विदाई से पहले पिता की अचानक मौत

» अपराध संवाददाता, स्वराज जागरण।

**बाराबंकी। एक ओर परिवार में हंसी खुशी का माहौल क्योंकि आने वाली 5 फरवरी को नाजो पली बेटी का ब्याह होने वाला था पर एक घटना सारी खुशियों को ग्रहण लगा गई, वहीं परिवार में मातम पसर गया। दहेज में देने के लिए खरीदी बाइक लेकर घर जा रहे पिता की रास्ते में अचानक मौत हो गई।**



लोनीकटरा थाना क्षेत्र के भिलवल चौराहे पर शुक्रवार शाम एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। बेटी के विवाह की खुशियां संजोए एक पिता की जिंदगी अचानक थम गई। थाना क्षेत्र के मंझार गांव निवासी महेश केवट (45) अपनी पुत्री के विवाह की तैयारियों में जुटे हुए थे। उनकी बेटी की शादी आगामी 5 फरवरी को तय थी। इसी क्रम में शुक्रवार शाम करीब तीन बजे वह भिलवल चौराहे पर बाइक खरीदने पहुंचे।

बाइक लेकर जब वह लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे से गुजर रहे थे, तभी अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। दर्द से बेहाल महेश सड़क किनारे बैठ गए। यह देख आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस टीम ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में बेटी की शादी की तैयारियों को लेकर चहल-पहल थी, वहां मातम छा गया।

# गुब्बारे निगल ली जिंदगी, आठ माह के मासूम की दर्दनाक मौत

## कोर्ट पैरोकार सिपाही के बेटे की सांस नली में फंसा बैलून

» **थाना परिसर सरकारी आवास में खेलते समय हुआ हादसा।**

» शहर संवाददाता, स्वराज जागरण।

**पाली, हरदोई। पाली थाने में तैनात कोर्ट पैरोकार सिपाही के आठ माह के मासूम बेटे की गुब्बारे से दम घुटने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया और थाना परिसर समेत कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।**

पाली थाने पर तैनात सिपाही टीटू अपनी पत्नी सुषमा, आठ माह के बेटे सूर्यांश और 12 वर्षीय भांजी के साथ थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे सिपाही डाक लेकर हरदोई चले गए थे। उस समय कमरे में सुषमा,



भांजी और मासूम मौजूद थे।

बताया गया कि सूर्यांश कमरे में गुब्बारे से खेल रहा था। खेलते खेलते उसने गुब्बारा मुंह में रख लिया, जो सांस की नली में फंस गया। कुछ ही देर में उसकी सांस रुक गई और वह बेहोश हो गया। सुषमा ने पहले बच्चे को सोता हुआ समझा, लेकिन जब झटके दिखे तो वह घबरा गई और बच्चे को लेकर बाहर आई। घटना की जानकारी थाना परिसर में मौजूद पुलिस कर्मियों को दी गई। कांस्टेबल तेजवीर मासूम को तुरंत पाली पीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में जांच के दौरान नर्स ने बच्चे के गले से फूला हुआ छोटा गुब्बारा बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

पीएचसी प्रभारी डॉक्टर आनंद शुक्ला ने बताया कि बच्चा अस्पताल पहुंचने से करीब आधा घंटा पहले ही दम तोड़ चुका था। मासूम की मौत की सूचना कुछ समय तक मां को नहीं दी गई, वह बेटे को देखने की जिद करती रही। सिपाही टीटू मासूम के शव को लेकर अपने पैतृक गांव बदायूं रवाना हो गए। इस हादसे ने एक बार फिर छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी दी है।

# दिए अभिलेखों के सत्यापन के बाद लिया जाएगा निर्णय

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हरदोई। विधानसभावार फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दूसरे चरण में सुनवाई के साथ ही नोटिस के साथ दिए जाने वाले साक्ष्यों का सत्यापन भी शुरू करा दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर सुनवाई के दौरान अपलोड किए जाने वाले अभिलेखों का संबंधित विभागों के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन रिपोर्ट के बाद ही नोटिस पर निर्णय लिया जाएगा।**

विधानसभावार फोटोयुक्त मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के पहले चरण में एसआईआर प्रपत्र पर सही और सटीक जानकारी न दे पाने वाले मतदाता नो मैपिंग श्रेणी में चले गए। जिले के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 30,19,415 मतदाताओं में से एसआईआर अभियान में करीब 2.26 लाख मतदाता नो मैपिंग की श्रेणी में गए हैं। इन मतदाताओं के नाम या तो खुद का या फिर माता-पिता, दादी-दादा



का नाम साल-2003 की मतदाता सूची में नहीं था। कुछ मतदाताओं ने साल-2003 की मतदाता सूची में नाम ही तलाश नहीं कर पाए इससे उनके एसआईआर प्रपत्र अधूरे रह गए थे।

भारत निर्वाचन आयोग ने कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य से नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस और इस पर सुनवाई का मौका दिया है। जिले में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की तरफ से 225 कैंप लगाकर नोटिस पर सुनवाई की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयोग की व्यवस्था के मुताबिक, 2.26,412 नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

# चांदपुर: अतिक्रमण पर नगर पालिका के प्रहार से हड़कंप

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**चांदपुर। नगर पालिका के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी कुणाल रस्तोगी के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिसर से हुई, जो फव्वारा चौक, अंबेडकर चौक, फीना चौक होते हुए रोडवेज तक चला। जैसे ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची, अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई लोग अपना सामान और ठेलियां उठाकर भागते नजर आए।**



अभियान के दौरान ईओ कुणाल रस्तोगी ने अंग्रेजी शराब की दुकान में संचालित बीयर मॉडल शॉप कैंटीन का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कैंटीन में प्लास्टिक के गिलास में शराब पीते हुए लोग मिले, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन था। दुकान संचालक ने लाइसेंस होने की बात कही, लेकिन नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए कैंटीन पर 1000 रुपए का चालान किया गया।

नगर पालिका की टीम ने अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखे गए सामान को हटवाया। कुल मिलाकर विभिन्न मामलों में 7,600 रुपए का चालान किया गया। ईओ ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दुकान के बाहर सामान रखा मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ईओ कुणाल रस्तोगी ने कहा कि नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिकता है। यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। नगर पालिका की इस कार्रवाई से जहां आम लोगों को राहत मिली, वहीं अतिक्रमण करने वालों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

# मछली पालन केन्द्र पर बंधक बनाकर की गई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, आठ अरेस्ट



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**बाराबंकी। गणतंत्र दिवस की रात मछली पालन केन्द्र पर बंधक बनाकर हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने रेकी कर वीडियो बनाया तब लूट की प्लानिंग की। हालांकि लूटी गई रकम में से साढ़े 87 हजार ही बरामद हो सके। जहांगीराबाद क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मिश्रीपुर स्थित देवां फिशरीज में 26 जनवरी की रात असलहाधारी बदमाशों ने धावा बोला। यहां अलाव ताप रहे मजदूरों को बंधक बनाकर अलमारी में रखे 4 लाख 80 हजार रुपये व 5 मोबाइल फोन उठा ले गये।**

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्वाट, सर्विलांस व थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त मुकेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीराबाद, शिवराज पुत्र मनोहर उम्र निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर, देवाशीष सिंह चौहान पुत्र संदीप कुमार निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज, नौसाद पुत्र मुख्तार निवासी बीकेटी भौनी थाना बीकेटी जनपद लखनऊ, राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन उर्फ राज पुत्र मायाराम गौतम निवासी ग्राम मामापुर, मो0 सोनू पुत्र महबूब निवासी ग्राम सिपहिया, जुनैद पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बरेठी व सुहेल पुत्र गौस मोहम्मद निवासी ककरहा मोड़ बाईपास थाना देवा को पलिया मसूदपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

इनके सभी के कब्जे से 5 अवैध तमंचा, 4 मोबाइल फोन, 87,500 रुपये नकद बरामद किए गए।

पूछताछ से पता चला कि इन सभी का एक गैंग है जो लूट आदि की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश कुमार उपरोक्त व वांछित अभियुक्तगण सूरज व आशू द्वारा घटना की योजना बनाई गयी थी, घटना करने से पूर्व फार्म हाउस की कई बार रेकी की गयी थी तथा फार्म हाउस का वाडियो भी बनाया गया, वहीं सारी जानकारी एकत्र की गई।



## सम्पादकीय

# आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मायने

**उत्पादन रणनीति स्वदेशी के क्षेत्र में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने एक व्यापक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। इसमें अनुशासित स्वदेशी को अपनाने पर विशेष बल दिया गया है, ताकि घरेलू उद्योगों को मजबूती मिले और आयात पर निर्भरता क्रमशः कम हो सके। इसके साथ ही निवेश लागत को कम करने, उन्नत विनिर्माण को सशक्त बनाने और रणनीतिक अपरिहार्यताओं की त्रिस्तरीय रणनीति को लागू करने का स्पष्ट आह्वान किया गया है। इस रणनीति का उद्देश्य न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाना है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को और मजबूत करना भी है।**

राष्ट्रीय इनपुट लागत न्यूनीकरण रणनीति के तहत संसाधनों को अधिक किफायती बनाने की बात कही गई है, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि छोटे और मध्यम उद्योगों को विशेष समर्थन और प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे नवाचार और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करके समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे केवल आर्थिक वृद्धि ही नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय समानता भी सुनिश्चित होगी।

सर्वेक्षण में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक मंदी, भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता के बावजूद अपेक्षाकृत ऊंची विकास दर बनाए रखने में सक्षम है। यह सर्वेक्षण बजट 2026-27 से पहले सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है और विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत देता है। सर्वेक्षण में ऐसे नीतिगत सुधारों पर विशेष जोर दिया गया है, जो आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दें, रोजगार सृजन को मजबूत करें और सतत व समावेशी विकास की नींव रखें। कहना न होगा कि ये सभी सुझाव वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक लचीलापन क्षमता को बढ़ाने और संरचनात्मक सुधारों को गति देने पर केंद्रित हैं। वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और सकल मूल्य वर्धन 7.3 प्रतिशत का अनुमान प्रस्तुत किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2027 में वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत के दायरे में रहने का पूर्वानुमान है।

सर्वेक्षण में निजी उपभोग, जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 61.5 प्रतिशत योगदान देता है, और निवेश, जो लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, को विकास के प्रमुख चालक बताया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि घरेलू मांग और पूंजी निर्माण आने वाले वर्षों में भी आर्थिक वृद्धि को गति देते रहेंगे। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी सर्वेक्षण अपेक्षाकृत सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करता है। अप्रैल से दिसंबर 2025 की अवधि में औसत मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत रही, जिसे आपूर्ति प्रबंधन, नीतिगत हस्तक्षेप और वैश्विक वस्तु कीमतों में संतुलन का परिणाम माना गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में राजकोषीय घाटा घटकर 4.4 प्रतिशत तक लाया जाएगा। यह लक्ष्य सरकार की नीतिगत स्थिरता, वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक आर्थिक संतुलन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यह संकेत भी देता है कि विकास और राजकोषीय संतुलन के बीच संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

सर्वेक्षण में यह भी रेखांकित किया गया है कि वित्तीय समावेशन और डिजिटलकरण के माध्यम से आर्थिक लेन-देन को और सुगम बनाया जाएगा। इसके तहत छोटे और मध्यम उद्यमों, किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को बैंकिंग और डिजिटल भुगतान सुविधाओं तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, पर्यावरणीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए हरित ऊर्जा और टिकाऊ उत्पादन पद्धतियों को बढ़ावा देने के उपाय सुझाए गए हैं। यह कदम न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करेगा, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को भी सुनिश्चित करेगा। कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार सृजन को और मजबूत करने की योजना बनाई गई है। युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के लिए तकनीकी शिक्षा और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम को भी विस्तार दिया जाएगा। इससे न केवल बेरोजगारी घटेगी, बल्कि आर्थिक विकास और नवाचार की गति भी तेज होगी। सर्वेक्षण में विशेष रूप से यह भी कहा गया है कि ग्रामीण उद्योगों और हस्तशिल्प क्षेत्र को तकनीकी सहायता और वित्तीय प्रोत्साहन देने पर जोर दिया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ शहरी-ग्रामीण असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी।

इस रणनीति से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और भारत को वैश्विक व्यापार नेटवर्क में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य साधा जाएगा। कुल मिलाकर, आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक स्पष्ट और विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करता है।

# गांधी जी स्थानीय उत्पादों का उपयोग जरूरी मानते थे

## गांधी की प्रासंगिकता को समझने के लिए उनके कर्म और उपलब्धियों को देखना जरूरी

**गांधी की प्रासंगिकता पर विचार करते समय हमें सबसे पहले यह समझना चाहिए कि अपने जीवन और कर्मों के माध्यम से गांधी ने क्या हासिल किया था और उनके प्रयासों से समाज तथा पूरी दुनिया को क्या मिला। सत्याग्रह का जो राजनीतिक हथियार गांधी ने विकसित किया, उसका प्रयोग केवल दक्षिण अफ्रीका में या भारत की आज़ादी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आज भी दुनिया के अलगङ्कअलग हिस्सों में अन्याय के खिलाफ संघर्ष का माध्यम बना हुआ है।**




महात्मा गांधी राजनीति और जीवन दोनों में नैतिकता स्थापित करने का प्रयास करने वाले एक असाधारण महापुरुष थे। उन्होंने हर तरह के अन्याय, शोषण और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया, लेकिन इस संघर्ष को कभी हिंसा का रूप नहीं लेने दिया। अहिंसा केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित आंदोलन बन सके, इसके लिए गांधी ने लोगों को प्रशिक्षण दिया और उसे सामूहिक आचरण का विषय बनाया। महावीर और बुद्ध के समय से अहिंसा भारतीय परंपरा का हिस्सा रही है, लेकिन गांधी ने इसे राजनीतिक अन्याय को समाप्त करने का प्रभावी साधन बना दिया। यही कारण है कि सत्याग्रह आज भी पूरी दुनिया में लोकप्रिय और प्रासंगिक बना हुआ है। गांधी ने सादगी और किफायत को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया।

उनका मानना था कि आवश्यकता से अधिक वस्तुएं रखना भी एक प्रकार की चोरी है। सत्याग्रही के जीवन में इंद्रियों पर नियंत्रण को उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। भले ही आज हम उनके इस विचार को अक्सर भूलते जा रहे हों, लेकिन इसकी आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक महसूस होती है। शारीरिक श्रम को महत्व देने वाले गांधी स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को अनिवार्य मानते थे। उनका यह विश्वास था कि बुराई से घृणा करनी चाहिए, बुरे व्यक्ति से नहीं। स्वदेशी, सर्वधर्म समानता और मानवता उनका मूल दर्शन था। गांधी की प्रासंगिकता को समझने के लिए यह देखना भी जरूरी है कि उनके बाद दुनिया ने उनके विचारों को किस तरह अपनाया। गांधी के बाद कई बार भूख हड़ताल जैसे साधन राजनीतिक दिखावे में बदल गए, लेकिन फिर भी सत्याग्रह और अहिंसक संघर्ष की शक्ति को दुनिया के अनेक नेताओं ने अपनाया। पोलैंड के लेख वालेसा हों, म्यांमार की आंग सान सू की हों, दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला हों या अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग जूनियर, सभी ने अहिंसक सत्याग्रह को अन्याय के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार माना। आज भी यह वैश्विक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का एक सशक्त माध्यम है।

हालांकि, गांधी के बाद खादी और स्वदेशी जैसे आंदोलन कमजोर जरूर पड़े, लेकिन भूमंडलीकरण की इस दुनिया में स्वदेशी का महत्व कम नहीं हुआ है। गांधी के अनेक मूल्य लोकतंत्र, सार्वभौम मताधिकार और मानवाधिकार जैसी व्यवस्थाओं के साथ जुड़े और बीते पचहत्तर वर्षों में दुनिया में लोकतंत्र के विस्तार को देखा जा सकता है।

फिर भी यह कहना गलत नहीं होगा कि सब कुछ गांधी के विचारों के अनुरूप नहीं चला। उनकी विरोधी प्रवृत्तियां भी समय के साथ तेज होती गईं। ऐसा माना जा रहा था कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया में सीमाएं बदलने और युद्ध का दौर खत्म हो जाएगा, लेकिन आज अमेरिका और रूस जैसे देशों के नेतृत्व में यह खेल एक बार फिर शुरू हो चुका है। श्रीलंका, ईरान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में राजनीतिक आंदोलन अक्सर हिंसक रूप में सामने आए हैं। केंद्रीकरण बढ़ा है और उपभोक्तावाद ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को भी रसायनों और कृत्रिम साधनों के सहारे दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक बेचा जा रहा है। गैर-जरूरी वस्तुओं की खपत बढ़ाने में केवल कंपनियां और विज्ञापन एजेंसियां ही नहीं, बल्कि सरकारें भी शामिल हैं। आज स्थिति यह है कि साफ पानी और शुद्ध हवा तक को बेचा जाने लगा है। इसके परिणामस्वरूप प्रदूषण एक नई और गंभीर बीमारी बनकर सामने आया है, जो गांधी के समय इतनी भयावह नहीं थी।लोभ और तृष्णा के कारण हम न केवल अपना स्वाभिमान खो रहे हैं, बल्कि निर्भयता भी गवांते जा रहे हैं। शारीरिक श्रम से दूरी के कारण बीमारियां महामारी का रूप ले रही हैं। ऐसे में जब तक गांधी द्वारा स्थापित मूल्य और लक्ष्य पूरे नहीं होते, जब तक उनकी लड़ाई अंतिम मुकाम तक नहीं पहुंचती, तब तक उनकी प्रासंगिकता समाप्त कैसे हो सकती है।

आजादी के बाद हमें यह भ्रम हो गया था कि अब सब कुछ संभल जाएगा, खादी और स्वदेशी जैसे अभियान अपने आप आगे बढ़ते रहेंगे। लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि गांधी के न रहने का प्रभाव कितना गहरा है। उनकी मुहिम कमजोर पड़ने से सांप्रदायिक एकता, सामाजिक समरसता और छुआछूत जैसी समस्याएं समाप्त होने के बजाय और गहरी होती गईं। प्रदूषण और उपभोक्तावाद बेलगाम हो गए। युद्ध और हिंसा फिर से दुनिया पर हावी होने की कोशिश कर रहे हैं। आज झूठ बोलना सत्ता और प्रभावशाली लोगों के लिए आम बात बन गई है और बड़ेङ्कबड़े नेता भी बिना किसी शर्म के झूठ बोलते नजर आते हैं।

# भारत-इयू डील से डिफेंस में मिलेगी मदद

## यूरोप के नए साझेदार के रूप में भारत का उदय, निर्यात और वैश्विक प्रभाव दोनों को मिलेगी मजबूती

**यह साझेदारी दोनों पक्षों के लिए बहुत लाभदायक होगी, साथ ही दुनिया के अन्य देशों पर भी इसका काफी असर पड़ेगा। इस समझौते के बाद भारत को अमेरिका के साथ, एशिया के देशों के साथ और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भी अपने संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।**

भारत-यूरोपीय संघ-समझौता , जब दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड कर की बात की थी, तो उससे यूरोपीय संघ के देश हिल गए थे। दरअसल, ट्रंप ने कहा था कि वह एक फरवरी से यूरोपीय संघ के आठ देशों पर शुल्क की दर बढ़ा देंगे। हालांकि एक फरवरी से जो अतिरिक्त शुल्क लगना था, वह अब लागू नहीं हो रहा है। ऐसे में यूरोपीय संघ के लिए यह आवश्यक हो गया था कि वह अपना नया साझेदार बनाए, ताकि एक नियम आधारित या कहें कि खुले व उदार व्यापार मॉडल के जरिए व्यापार हो सके। इस स्थिति में यदि यूरोपीय संघ चीन के साथ जाता, तो कनाडा की तरह उस पर भी ट्रंप 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देते। इसलिए यूरोपीय संघ ने बहुत सोच-विचार के बाद भारत के साथ समझौता करने का निर्णय लिया। इसी कारण इस समझौते को ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि, पहले यूरोप के भीतर थोड़ा संशय था कि भारत जैसे देश के साथ वह समझौता करे या न करे, क्योंकि भारत के रूस के साथ अच्छे संबंध हैं। पर विश्व के अंदर अभी जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें यह बहुत आवश्यक था कि भारत और यूरोपीय संघ आपस में मिलकर दीर्घकालिक संबंध की दिशा में आगे बढ़ें।

दोनों पक्षों के बीच जो समझौता हुआ है, उसमें रक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ कर्मियों की आवाजाही, प्रौद्योगिकी उन्नयन की बात शामिल है। इसके साथ ही मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते की भी बात हुई है। इस समझौते को खेल बदलने वाला माना जाना चाहिए, क्योंकि जब अमेरिका और चीन एक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब बाकी के देशों के लिए भी यह उपयुक्त समय है कि वे मिलकर अपने संबंधों को आगे बढ़ाएं, ताकि वे हर तरीके से अपने हितों की रक्षा कर सकें। आप देखिए कि लगभग 2007 से ही भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की बातें चलती रही हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हो पा रहा था और अब जाकर यह समझौता हुआ है। यह भारत के लिए बहुत आवश्यक था, क्योंकि अमेरिका ने जिस प्रकार भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, उससे भारत के निर्यातकों-विशेषकर समुद्री उत्पाद, रत्न व आभूषण, वस्त्र, परिधान क्षेत्र-को बहुत हानि हुई है। अब जब यह समझौता हो गया है, तो इससे हमारे निर्यातकों को यह उम्मीद बंधी है कि तत्काल नहीं, तो कुछ महीनों के बाद ही सही, पर उनके लिए यूरोप का बाजार खुल जाएगा। हालांकि, नए उत्पादों को यूरोप के बाजार से कितना लाभ मिलेगा, इस बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी है, पर जो उत्पाद अमेरिकी बाजारों में जा रहे थे, वे यूरोप के बाजार में स्वीकार किए जा सकते हैं, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

यहां इस बात का जिक्र भी जरूरी है कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुआ यह समझौता रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। व्यक्तिगत स्तर पर तो यूरोप के अलग-अलग देशों के साथ हमारी साझेदारी रही है, पर ऐसा पहली बार होगा कि व्यापार के साथ ही रक्षा, साइबर सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में यूरोप के 27 देशों के साथ भारत एक दीर्घकालिक संबंध में बंध रहा है।



यह साझेदारी दोनों पक्षों के लिए बहुत लाभदायक होगी, साथ ही दुनिया के अन्य देशों पर भी इसका काफी असर पड़ेगा। इस समझौते के बाद भारत को अमेरिका के साथ, एशिया के देशों के साथ और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भी अपने संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को बहुत महत्व मिला है, उसका प्रभाव बढ़ा है। क्योंकि अब तक यूरोपीय संघ के देश कहते रहे हैं कि रूस के प्रति भारत को अपना रवैया बदलना होगा और यूरोप ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाया है, उसमें भारत को सहयोग करना चाहिए। पर यूरोपीय संघ के देशों ने अचानक से अपना रुख बदलकर यह कहना शुरू कर दिया कि भारत को रूस से संबंध तोड़ने के लिए कहना उसकी संवेदनशीलता को ठेस पहुंचा सकता है।

# मेरठ में पुलिस ने डकैती के आरोपी पकड़ा

## मुंडाली में नकदी और आभूषण लूट की घटना में दो बदमाश पकड़े गए

**पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20 और 21 जनवरी की दरमियानी रात को ग्राम मुंडाली में नकदी और आभूषण लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। मेरठ जिले में पुलिस ने डकैती की एक घटना में वांछित दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।**

पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को जांच के दौरान थाना किठौर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर गोलीबारी किए जाने पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक अभियुक्त घायल हो गया। मुठभेड़ की यह घटना इलाके में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल अभियुक्त की पहचान गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी निवासी मोहसिन के रूप में की है। वहीं, गिरफ्तार दूसरे अभियुक्त की पहचान मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र के मुंडाली गांव निवासी साकिब उर्फ़ अंडा के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों अभियुक्त लंबे समय से वांछित थे और इनकी तलाश पिछले कई दिनों से की जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20 और 21 जनवरी की दरमियानी रात को ग्राम मुंडाली में नकदी और आभूषण लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मुंडाली थाने में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के 30 हजार रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल और एक तमंचा तथा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य फरार आरोपियों की



तलाश जारी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त टीमों की तैनाती की गई है।

साथ ही, पुलिस द्वारा नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की गई है। इससे क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीबीएन ने लखनऊ से हेरोइन तस्कर दबोचा

**तलाशी लेने पर उसके पास से 0.280 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये है। केंद्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो (सीबीएन) ने शुक्रवार को एक कथित तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 280 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जब्त हेरोइन की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये है।**



सीबीएन की उत्तर प्रदेश इकाई के उपायुक्त प्रवीण बाली ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह बरामदगी बख्शी का तालाब तहसील के लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर स्थित इंतौजा टोल प्लाजा पर चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान की गई। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान विशिष्ट सूचना के आधार पर चलाया गया था और इसमें तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के लखनऊ में हेरोइन पहुंचाने की जानकारी प्राप्त होने के बाद सीबीएन की टीम ने उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की बस में यात्रा कर रहे व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 0.280 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह मात्रा काफी महत्वपूर्ण है और इससे बड़े पैमाने पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी की योजना का पर्दाफाश होता है।

अधिकारी ने आगे बताया कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री का बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये आंका गया है, जो इस तस्करी के गंभीर होने का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी न केवल मादक पदार्थ की तस्करी रोकने में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह लोगों को इस प्रकार के अवैध गतिविधियों से होने वाले खतरों के प्रति भी जागरूक करती है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी ने यह भी बताया कि आगे की जांच जारी है और तस्करी के पूरे नेटवर्क को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही यह अभियान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।

# बढ़ते स्पैम कॉल्स पर क़ाबू पाने के लिए नियमों में नई व्यवस्था

## 2014 के बाद भारत में बढ़ती अवांछित और प्रचारात्मक कॉल्स की समस्या के बीच, ट्रूकॉलर भारतीय मोबाइल उपयोगकर्ताओं का सबसे भरोसेमंद साथी बन गया

**असली ताकत उसकी जनसहयोग रणनीति रही। उपयोगकर्ता जब अवांछित कॉल्स की रिपोर्ट करने लगे, तो इसका डेटाबेस लगातार मजबूत होता गया। करीब 2014 के बाद भारत में अवांछित और प्रचारात्मक कॉल्स की बाढ़ आ गई। ऐसे में ट्रूकॉलर भारतीय मोबाइल उपयोगकर्ताओं का भरोसेमंद साथी बन गया।**


स्मार्टफोन के युग में अनजान कॉल्स और अवांछित संदेशों से राहत दिलाने वाला ट्रूकॉलर कभी लोगों की जरूरत बन चुका था। लेकिन अब भारत में सरकार और दूरसंचार कंपनियों की नई पहल कॉलर नाम प्रस्तुति प्रणाली (CNAP) ने इस मशहूर ऐप के भविष्य पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या वाकई CNAP ट्रूकॉलर की उपयोगिता खत्म कर देगा? आइए, पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं। एक छोटी परेशानी से जन्मी बड़ी तकनीकी कंपनी

ट्रूकॉलर की कहानी साल 2009 में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से शुरू होती है। रॉयल प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ने वाले दो छात्र, एलन ममेदी और नामी जारिंगलम, लगातार आने वाली अनजान कॉल्स से परेशान थे। इसी समस्या का हल खोजते हुए उन्होंने एक ऐसा प्रणाली बनाने का सोचा, जो कॉल करने वाले की पहचान बता सके। शुरुआत में यह सेवा केवल ब्लैकबेरी फोन तक सीमित थी, लेकिन जैसे-जैसे एंड्रॉइड और आईफोन का चलन बढ़ा, ट्रूकॉलर भी तेजी से फैलता गया। देखते ही देखते यह एक छोटे से छात्र परियोजना से वैश्विक तकनीकी ब्रांड में बदल गया और आगे चलकर शेयर बाजार तक पहुंच गया।

भारत बना ट्रूकॉलर की सफलता की रीढ़ ट्रूकॉलर की असली ताकत उसकी जनसहयोग रणनीति रही। उपयोगकर्ता जब अवांछित कॉल्स की रिपोर्ट करने लगे, तो इसका डेटाबेस लगातार मजबूत होता गया। करीब 2014 के बाद भारत में अवांछित और प्रचारात्मक कॉल्स की बाढ़ आ गई। ऐसे में ट्रूकॉलर भारतीय मोबाइल उपयोगकर्ताओं का भरोसेमंद साथी बन गया। आज भारत इसके लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां 25 करोड़ से ज्यादा लोग इस ऐप का इस्तेमाल करते हैं।

भारतीय उपयोगकर्ताओं के महत्व को समझते हुए कंपनी ने 2018 से भारत का डेटा देश में ही संग्रह करना शुरू किया। इतना ही नहीं, नवंबर 2024 में संस्थापकों के हटने के बाद कंपनी की कमान भारतीय मूल के ऋषित झुनझुनवाला को सौंप दी गई।

CNAP क्या है और क्यों मचा रहा हलचल अब ट्रूकॉलर के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है कॉलर नाम प्रस्तुति प्रणाली (CNAP) यह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की पहल है, जिसे दूरसंचार कंपनियां जैसे जियो, एयरटेल और वीआई लागू कर रही हैं। ष्ट्ढक्ककी खास बात यह है कि यह किसी तृतीय-पक्ष ऐप पर निर्भर नहीं करता।





कॉल आने पर कॉल करने वाले का नाम सीधे दूरसंचार नेटवर्क के जरिए आपकी स्क्रीन पर दिखेगा, जो सत्यापन दस्तावेजों पर आधारित होगा। यानी उपयोगकर्ता को न तो कोई अलग ऐप डाउनलोड करना पड़ेगा और न ही संपर्कों की पहुँच जैसी अनुमति देनी होगी। गोपनीयता और भरोसे का नया दौर CNAP की सबसे बड़ी ताकत इसकी विश्वसनीयता और गोपनीयता है। जब नाम की जानकारी सीधे नेटवर्क से आएगी, तो गलत या फर्जी पहचान की संभावना कम होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे-जैसे यह प्रणाली पूरी तरह लागू होगी, उपयोगकर्ता ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स पर निर्भर रहना कम कर सकते हैं। इसका सीधा असर ट्रूकॉलर के विज्ञापन आधारित आय और प्रीमियम सदस्यता मॉडल पर पड़ सकता है। आज ट्रूकॉलर एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां उसे अपनी पहचान दोबारा गढ़नी होगी।

अगर ष्ट्ढक्क आम उपयोगकर्ताओं के लिए पर्याप्त साबित हुआ, तो केवल कॉल करने वाले का नाम बताने वाला ऐप बने रहना ट्रूकॉलर के लिए काफी नहीं होगा। भविष्य की रणनीति और संभावनाएँ विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी को अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित धोखाधड़ी पहचान, अवांछित संदेशों से आगे बढ़कर डिजिटल सुरक्षा और व्यावसायिक संचार उपकरणों पर ध्यान देना होगा। फिलहाल कंपनी ने ष्ट्ढक्क पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि बदलाव के बिना टिके रहना मुश्किल होगा।

CNAP भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। अगर यह प्रणाली सफल रही, तो ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स की भूमिका सीमित हो सकती है। अब देखना यह है कि ट्रूकॉलर खुद को कितनी तेजी से नए दौर के अनुसार ढाल पाता है, क्योंकि तकनीकी दुनिया में वही टिकता है।

# वैलेंटाइन वीक पर रेड ड्रेस में पार्टनर को करें इम्प्रेस

## डिजाइन वाली रेड ड्रेस से बनाएं आकर्षक और ग्रेसफुल लुक



**वेलेंटाइन वीक में अपने लुक को खास और यादगार बनाने के लिए रेड ड्रेस सबसे पसंदीदा विकल्प होती है। आप इसे फ्रिल, मैक्सी, वन-शोल्डर और शॉर्ट डिजाइन्स में स्टाइल कर सकती हैं। इस वीक को एन्जॉय करने के लिए आपको अपने रेड ड्रेस लुक पर ध्यान देना चाहिए।**

सही डिजाइन और फिट चुनने से आपका लुक और भी आकर्षक दिखाई देगा और पार्टनर को भी यह बहुत पसंद आएगा। फ्रील डिजाइन रेड ड्रेस स्टाइलिंग टिप्स- अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप फ्रिल डिजाइन वाली रेड ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। पूरी ड्रेस में फ्रिल होने की वजह से यह और भी ज्यादा एलिगेंट और ग्रेसफुल लगती है। इस ड्रेस को सिंपल ज्वेलरी जैसे छोटे कान के झुमके, ब्रेसलेट या पतली चेन के साथ पहनें। इसके अलावा आप अपने हेयरस्टाइल को सॉफ्ट कर्ल्स या साइड-पार्टेड लुक में रख सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी स्टाइलिश दिखाई देगा। रेड कलर मैक्सी ड्रेस स्टाइलिंग वेलेंटाइन वीक के किसी भी दिन आप रेड कलर की मैक्सी ड्रेस पहन सकती हैं। यह लंबी ड्रेस आपको बेहद एलिगेंट और आकर्षक लुक देती है। ऐसी ड्रेस को सिंपल हील्स और क्लच बैग के साथ पेयर करें। आप चाहें तो लाइट मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ इसे और भी ग्लैमरस बना सकती हैं। बाजार में कई तरह की मैक्सी ड्रेस डिजाइन्स उपलब्ध हैं, इसलिए अपने स्टाइल और फिट के अनुसार इसे चुनना आसान होगा।

### वन शोल्डर रेड ड्रेस स्टाइलिंग

अगर आप हटके और अलग दिखना चाहती हैं, तो वन शोल्डर ड्रेस सबसे सही विकल्प है। यह ड्रेस पहनने में स्टाइलिश और ट्रेंडी लगती है। इसे आप सिंगल ईयररिंग्स या ब्रेसलेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। हेयरस्टाइल के लिए हाई पोनीटेल या साइड-बन इस ड्रेस के साथ बेहद मैच करेगा। मार्केट में कई रंग और कट्स में वन शोल्डर ड्रेस उपलब्ध हैं, जिससे आप आसानी से अपनी पसंद की ड्रेस चुन सकती हैं। शॉर्ट रेड ड्रेस स्टाइलिंग टिप्स शॉर्ट रेड ड्रेस पहनकर आप वेलेंटाइन वीक को और भी खास बना सकती हैं। यह ड्रेस पहनने में काफी आरामदायक और अट्रैक्टिव होती है। इसे हाई हील्स, मिनिमल ज्वेलरी और एक छोटा हैंडबैग के साथ पहनें। अगर आप चाहें तो हल्का मेकअप और सॉफ्ट कर्ल्स हेयर स्टाइल के साथ इसे पूरा कर सकती हैं। आपकी ड्रेस आपके लुक में चार चांद लगा देगी और पार्टनर को भी यह बहुत पसंद आएगा। वेलेंटाइन वीक में रेड ड्रेस पहनने की खास बातें वेलेंटाइन वीक में रेड ड्रेस पहनना सिर्फ फैशन का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और स्टाइल को भी दर्शाता है। सही फिट, रंग और डिजाइन चुनकर आप अपने लुक को और भी यादगार बना सकती हैं। चाहे वह फ्रिल, मैक्सी, वन-शोल्डर या शॉर्ट डिज़ाइन हो, उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाएगी।

# मटर को फ्रेश रखने के लिए सरदार और आसान टिप्स



**ताजी मटर को छीलने के बाद हफ्ते-भर तक फ्रेश रखना चाहते हैं तो एयरटाइट कंटेनर और तेल लगाने जैसे आसान तरीके अपनाएं। जानें ये घरेलू नुस्खे जो मटर की मिठास और नमी को बरकरार रखकर उन्हें सूखने और खराब होने से बचाएंगे।**

खासतौर पर सर्दियों में ताजी मटर खाने का स्वाद बड़ा ही टेस्टी होता है, लेकिन इसको छीलना भी थका देने वाला काम है। कई बार होता है कि हम सभी समय बचाने के लिए एक साथ बहुत सारी मटर छील कर रख देते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब एक-दो बाद ही वे सूखने या उनमें अंकुर भी निकलने लगते हैं। यदि गलती से इन्हें एक-दो के लिए छोड़ दिया जाए, तो यह खराब होने लगते है। मटर की मिठास और ताजगी बरकरार रखने के लिए इसे सही तरीके से स्टोर करना काफी जरुरी है।

यदि आप मटर को नमी और हवा से बचाकर रखा जाए, तो वह लंबे समय तक नरम बनी रहती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाकर आप छिली हुई मटर को हफ्ते-भर तक फ्रेश स्टोर कर सकती हैं। मटर को स्टोर करने का बेस्ट तरीका क्या है? मटर को फ्रेश बनाए रखने के लिए सबसे आसान तरीका है एयरटाइट कंटेनर या जिप-लॉक बैग का यूज कर सकते हैं। इसके लिए मटर छीलने के बाद, उन्हें धोएं नहीं। यदि आप ऐसा करती हैं, नमी के कारण ये जल्दी खराब हो सकती हैं। यदि आप मटर को धो चुकी हैं।

# सूरजकुंड मेला कैसे पहुंचे और टिकट डिटेल्स

## 39वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 31 जनवरी 2026 से फरीदाबाद में शुरू

**अंतरराष्ट्रीय 39वां सूरजकुंड मेला 31 जनवरी 2026 से फरीदाबाद में शुरू होगा, जिसमें इस बार मेघालय और उत्तर प्रदेश थीम स्टेट व मिस्त्र पार्टनर देश है। मेले का टिकट 120 रुपये से शुरू है, जहां हस्तशिल्प, सांस्कृतिक कार्यक्रम और 100 से ज्यादा फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे।**

क्या आप भी सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का इंतजार कर रहे हैं,तो अब आपका इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। कल यानी 31 जनवरी 2026 सूरजकुंड मेले की शुरुआत होने वाली है। आपको बता दें कि, इस साल 2026 में 39वां सूरजकुंड मेला आयोजित किया जाएगा। इस बार मेले में कई नई-नई चीजें देखने को मिलेंगी। इस साल की थीम भी अलग चुनी गई है और संस्कृति, खानपान और सुविधाओं को भी पहले बेहतर रखा जाएगा। इतना ही नहलोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो, तो इसके लिए रूट भी साफ रखे जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं इस साल क्या खास होने वाला है।

### कब से कब तक चलने वाला है मेला?

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला फरीदाबाद के सूरजकुंड आयोजित होने वाला 31 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। यह मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक दर्शकों के लिए खुला रहेगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि वे ऊबें नहीं। उनके लिए छोटे और बड़े झूले लगाए जाएंगे तथा खिलौनों के कई आकर्षक स्टॉल भी मौजूद होंगे।

### क्या होगी इस बार की थीम?

इस बार सूरजकुंज मेले में मेघालय और उत्तर प्रदेश को थीम स्टेट बनाया गया है, जबकि मिस्त्र पार्टनर कंट्री है। मेले में दोनों राज्यों की हस्तशिल्प वस्तुएं, संस्कृति और मशहूर खाने मिलेंगे। मेघालय और यूपी के लिए चार-चार खास फूड स्टॉल होंगे, जहां



ट्रेडिशनल स्वाद चखने का मौका मिलेगा। फूड लवर्स के लिए बेस्ट है ऑप्शन इसके अलावा, सूरजकुंड मेले में असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और नागालैंड के खाने और क्राफ्ट भी देखने को मिलेंगे। अलग-अलग राज्यों से लोग अपने स्टॉल लेकर आ रहे हैं। फूड लवर्स के लिए यहां बहुत कुछ नया और स्वादिष्ट होगा। बताया जा रहा है कि मेले में 100 से ज्यादा फूड स्टॉल लगाने की तैयारी चल रही है। टिकट प्राइस सूरजकुंड मेला घूमने के लिए टिकट लेना जरूरी होगा। आम दिनों में बड़ों का टिकट 120 से 150 रु तक रहेगा, जबकि वीकेंड पर यह 150 से 200 रु के बीच होगा।

# बच्चों के लिए अंकुरित रागी, सेहतमंद और फायदेमंद क्यों है

**बड़े शिशुओं 6 महीने के लिए अंकुरित रागी एक सुपरफूड है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने, मस्तिष्क के विकास और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। जानें बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसे खिलाने का सही तरीका और इसके 6 प्रमुख फायदे।**

जब शिशु 6 महीने का हो जाता है, तो माता-पिता अपने बच्चे की डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल कर सकते हैं। यह डाइट शिशुओं के मानसिक और शारीरिक विकास में काफी मददगार साबित होते हैं। अक्सर पेरेंट्स भी अपने छोटे बच्चों को क्या खिलाएं, इन बातों को लेकर सदैव कंफ्यूज रहते हैं। ऐसे में रागी का सेवन बच्चों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। जब आप रागी को अंकुरित करते हैं तो इसके पोषक तत्व और भी ज्यादा प्रभावी हो जाते हैं। शिशुओं की डाइट में अंकुरित रागी का सही तरीके से इस्तेमाल उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। आइए जानते हैं शिशुओं को अंकुरित रागी खिलाने के क्या फायदे हैं।

6 महीने से बड़े शिशुओं के लिए अंकुरित रागी एक सुपरफूड है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने, मस्तिष्क के विकास और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। जानें बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसे खिलाने का सही तरीका और इसके 6 प्रमुख फायदे।

जब शिशु 6 महीने का हो जाता है, तो माता-पिता अपने बच्चे की डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल कर सकते हैं। यह डाइट शिशुओं के मानसिक और शारीरिक विकास में काफी मददगार साबित होते हैं।



अक्सर पेरेंट्स भी अपने छोटे बच्चों को क्या खिलाएं, इन बातों को लेकर सदैव कंफ्यूज रहते हैं। ऐसे में रागी का सेवन बच्चों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। जब आप रागी को अंकुरित करते हैं तो इसके पोषक तत्व और भी ज्यादा प्रभावी हो जाते हैं। शिशुओं की डाइट में अंकुरित रागी का सही तरीके से इस्तेमाल उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। आइए जानते हैं शिशुओं को अंकुरित रागी खिलाने के क्या फायदे हैं।



# शिवालिक वन क्षेत्र में वन्यजीव असुरक्षित, बारहसिंगा शिकार व हाथी मौतों पर सवाल

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**सहारनपुर के शिवालिक वन क्षेत्र में जंगलराज जैसी स्थिति बनती जा रही है। यहां वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे दिखाई दे रही है। दो दिन पूर्व संरक्षित वन्यजीव बारहसिंगा का खुलेआम शिकार किया गया, जिसने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**





यह घटना कोई पहली नहीं है। इससे पहले भी इसी वन क्षेत्र में एक हाथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। वर्ष 2021 में हुई हाथी की एक अन्य मौत ने भी वन विभाग की लापरवाही को उजागर किया था, लेकिन इन घटनाओं के बावजूद न तो कोई ठोस जांच सामने आई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी पर अब तक कार्रवाई हुई।

लगातार हो रही इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर वन विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किस तरह कर रहा है। शिवालिक जैसे संवेदनशील और संरक्षित वन क्षेत्र में जब बार बार वन्यजीवों की मौत हो रही है और प्रतिबंधित प्रजातियों का शिकार किया जा रहा है, तब विभाग की निष्क्रियता समझ से परे है।

**» लाखों खर्च के बावजूद सुरक्षा नाकाम, लोगों में आक्रोश, जांच की मांग।**

**» वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह।**

हर वर्ष वन सुरक्षा, गश्त, पेट्रोलिंग, कैमरा ट्रैप, वन रक्षक और संरक्षण व्यवस्था के नाम पर सरकार द्वारा लाखों और करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद जमीनी हालात यह हैं कि शिकारी बेखौफ घूम रहे हैं, वन्यजीव असुरक्षित हैं और जिम्मेदार अधिकारी खामोश बने हुए हैं। इन घटनाओं के बाद यह आशंका भी गहराने लगी है कि कहीं यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि किसी प्रकार की मिलीभगत और संरक्षण में भ्रष्टाचार का मामला तो नहीं है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि क्या वन माफिया को किसी का संरक्षण प्राप्त है।

बारहसिंगा के शिकार और हाथियों की मौतों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों में भारी आक्रोश है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि बारहसिंगा शिकार मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, पूर्व में हुई हाथियों की मौतों की फाइलें दोबारा खोली जाएं, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो और शिवालिक वन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल मजबूत किया जाए।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और सरकार नहीं जागी, तो वह दिन दूर नहीं जब शिवालिक के जंगलों में वन्यजीव केवल तस्वीरों और पुस्तकों तक ही सीमित रह जाएंगे। अब सवाल यह नहीं है कि जानवर क्यों मरे, बल्कि असली सवाल यह है कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपा पत्र

**» लंबित मांगें पूरी न होने पर अप्रैल 2026 से ऑनलाइन कार्य बंद करने की चेतावनी**

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।



**सहारनपुर। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।**

महासभा की जिलाध्यक्ष पूनम शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षों से पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, टीकाकरण तथा मातृ शिशु देखभाल जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं लगातार दे रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें आज तक पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, वेतनमान लागू करने, पेंशन व ग्रेच्युटी सुविधा, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने, समयबद्ध पदोन्नति, पोषण ट्रैकर के लिए 5जी मोबाइल व डाटा भत्ता उपलब्ध कराने, 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि को मानदेय में शामिल करने, किराये के भवनों का उचित भुगतान, वर्ष भर गुणवत्तापूर्ण पोषाहार व्यवस्था, अन्य विभागों के कार्यों से मुक्ति तथा उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग शामिल रही।

महासभा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इन मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो अप्रैल 2026 से पोषण ट्रैकर सहित सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिए जाएंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन पर संगठन की कई पदाधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल मासूम की इलाज के दौरान हुई मौत

{ दुःखद खबर }

**» ऑटो पलटने से घायल हुई मासूम बच्ची।**

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।



**हमीरपुर। हाईवे 34 पर ऑटो पलटने से घायल हुई मासूम बच्ची की बृहस्पतिवार देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।**

बताया गया कि बीते 18 जनवरी को एक ऑटो मुख्यालय से सवारियां लेकर मौदहा की ओर जा रहा था। ऑटो में इंगोहटा निवासी दिलीप सोनकर अपनी पत्नी अंकिता सोनकर और तीन वर्षीय पुत्री दिव्यांशी के साथ सवार थे।

हाईवे पर प्रेम नगर के पास लीणा नाला पुल के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दिलीप सोनकर की पुत्री दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे तत्काल उपचार के लिए हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बृहस्पतिवार देर शाम इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जैसे ही बच्ची का शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख पुकार मच गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

# नया कारनामा: फर्जी मेडिकल के सहारे निकाल दिया गया एक माह का वेतन!

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।




**जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में मेडिकल अवकाश के दौरान वेतन भुगतान, बाबुओं की भूमिका पर उठे सवाल**

**सहारनपुर। भ्रष्टाचार का गढ़ बनते जा रहे पंचायत राज कार्यालय सहारनपुर पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। वर्षों से जमे बाबुओं पर शिकायतें दबाने, सूचनाएं न देने और अधिकारियों से ऊपर प्रभाव रखने के आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। अब एक नया मामला विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।**

मामला ग्राम कुराली विकास खंड रामपुर मनिहारान में तैनात सफाईकर्मी टिंकू कुमार से जुड़ा है। टिंकू कुमार 5 जून 2025 से 30 जुलाई 2025 तक मेडिकल अवकाश पर रहा। 31 जुलाई 2025 को उसने अपनी योगदान आख्या के साथ मेडिकल से जुड़े सभी दस्तावेज एडीओ पंचायत रामपुर मनिहारान के माध्यम से डीपीआरओ सहारनपुर को सौंपे। इसी बीच विभागीय बाबुओं ने कथित रूप से नया खेल कर दिया। मेडिकल अवकाश पर रहने के बावजूद जून माह का वेतन आहरित कर लिया गया। मामला उजागर होने पर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई, जिसके बाद आख्या लगाने के लिए टिंकू कुमार का उपचार 5 जून से 29 जून तक कुमार हेल्थ केयर सेंटर बुग्गावाला बिहारीगढ़ हरिद्वार में दर्शाया गया और इसी आधार पर वेतन निकाला गया।

जबकि हकीकत यह है कि टिंकू कुमार 5 जून 2025 को अमृत अस्पताल दिल्ली रोड सहारनपुर में भर्ती था, जहां 9 जून को उसका कूल्हे का ऑपरेशन हुआ और 14 जून को उसे छुट्टी दी गई।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि 30 जून 2025 को डाक्टर शादाब अली द्वारा दिया गया मेडिकल और फिटनेस विभाग ने स्वीकार कर लिया था, तो टिंकू कुमार पूरे जुलाई माह कार्य पर क्यों नहीं गया। यदि जुलाई में भी वह बीमार था तो मेडिकल और फिटनेस किसके निर्देश पर बनाया गया। इसके अलावा यदि एक मेडिकल पहले ही मान्य हो चुका था तो 30 जुलाई को अमृत अस्पताल का अलग मेडिकल और फिटनेस क्यों लिया गया। दस्तावेजों से फर्जी बिल, फर्जी मेडिकल और फिटनेस जारी किए जाने की आशंका भी सामने आ रही है।

शिकायत के बावजूद किसी अधिकारी द्वारा संज्ञान न लेने से पूरे तंत्र की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। न्याय न मिलने पर शिकायतकर्ता ने अब भ्रष्टाचार न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अब देखना यह है कि इतने गंभीर मामले में कब और किन जिम्मेदारों पर कानून की कार्रवाई होती है।

# कंपोजिट विद्यालय में हुआ शिक्षा चौपाल का आयोजन



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवईजार स्थित कंपोजिट विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद रहीं।**

शिक्षा चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की शिक्षा में बेटी और बेटा का कोई भेदभाव न किया जाए और दोनों को समान रूप से बेहतर शिक्षा दिलाने में कोई कमी न छोड़ी जाए।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान महेश शिवहरे ने अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षा चौपाल में संकुल प्रभारी राजेश कुमार शिवहरे, पंकज शिवहरे, पश्चिम मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित, रामचंद्र निषाद, बृजेश कुशवाहा, भागवत शिवहरे, ग्राम प्रधान कामता वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे।

# सहारनपुर प्राधिकरण ने लापरवाही पर अपने ही कर्मचारियों पर की कार्यवाही




» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**सहारनपुर। यूपी के सहारनपुर स्थित सहारनपुर विकास प्राधिकरण के वीसी ने जो बातें कही थीं, उन पर वह खरे भी उतरते नजर आ रहे हैं। जनपद में जहां कहीं भी अवैध निर्माण चल रहा है अथवा अवैध कालोनियां कालोनाइजरों द्वारा विकसित की जा रही हैं, वहां प्राधिकरण का बुलडोजर लगातार कार्रवाई कर रहा है।**

इतना ही नहीं, अपने ही विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता अवैध कालोनियां विकसित कराने में सामने आने के बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई है। आज प्राधिकरण ने विभाग के दो कर्मचारियों को गेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया, क्योंकि इनकी भूमिका अवैध कालोनियों को विकसित कराने में पाई गई।

विभाग द्वारा एक सुपरवाइजर मदन को निलंबित कर दिया गया, जबकि दूसरे सुपरवाइजर रामगोपाल पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी गई।

हालांकि जनपद में इस कार्रवाई को लेकर एक सवाल तेजी से चर्चाओं में है कि आखिर क्षेत्र के जेई प्रदीप गोयल को क्यों बचाया जा रहा है। जबकि मुख्य दोषी के रूप में उन्हीं का नाम सामने आ रहा है। आरोप है कि क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों को वह रोक नहीं पाए और उनकी छत्रछाया में अवैध कालोनियां विकसित होती रहीं। इसके बावजूद उनके द्वारा विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसका खामियाजा दोनों मेट को भुगतना पड़ा। हालांकि यह दोनों भी आरोपी हैं, लेकिन उनके उच्च अधिकारी को बचा लिए जाने की चर्चा जोरों पर है। वीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं इस सख्त कार्रवाई के बाद विभाग के जेई, मेट और अन्य कर्मचारियों में हडकंप मचा हुआ है।

# लव गेट में तकनीकी खराबी, वाहनों की लगी लाइनें, वर्किंग ट्रेन रुकीं



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे से होकर गुजरने वाले कानपुर बांदा रेलवे ट्रैक पर स्थित रेलवे गेट संख्या 31 शुक्रवार दोपहर उस समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया, जब उसे बंद किया जा रहा था। गेट खराब होने से फाटक बंद नहीं हो सका, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और रेलवे रूट भी बाधित हो गया।**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब डेढ़ बजे वर्किंग ट्रेन को रागौल की ओर रवाना होना था। इसके लिए रेलवे गेट संख्या 31 को बंद किया जाना था, लेकिन अचानक गेट की कार्यप्रणाली ठप हो गई। फाटक बंद न होने के कारण ट्रेन को एहतियातन रेलवे स्टेशन पर ही रोकना पड़ा।

गेटमैन ने काफी मशक्कत के बाद सड़क से वाहनों को हटवाया और रेलवे ट्रैक को खाली कराकर गेट बंद कराया। इसके बाद वर्किंग ट्रेन को रागौल के लिए रवाना किया गया।

इस दौरान करीब 20 मिनट से अधिक समय तक रेलवे रूट बाधित रहा। मामले को लेकर रेलपथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं थी। पूरे प्रकरण की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विधिक सेवा सचिव ने वृद्धाश्रम और दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।





**हमीरपुर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आश्रम में उपलब्ध नाश्ता, भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।**

निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम की रसोई, शौचालय और साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आश्रम संचालक को निर्देश दिए कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा मौसम को देखते हुए सभी वृद्धजनों को गरम कप? उपलब्ध कराए जाएं।

वृद्धाश्रम के निरीक्षण के बाद सचिव ने जनपद मुख्यालय स्थित विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दो वर्षीय भारत नाम का एक बच्चा संस्था में संवासित पाया गया। सचिव ने बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने, उसकी डाइट प्लान तैयार कराने और टीकाकरण से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सचिव ने विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया।

# बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला ने कुएं में लगाई छलांग



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी गांव में शुक्रवार दोपहर बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान एक महिला ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस व दमकल विभाग को जानकारी दी गई।**

बेरी गांव निवासी सुरजन पाल की 26 वर्षीय विवाहिता पुत्री संतोषी ने कुएं में कूदकर अपनी जान देने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज रिंकू तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

परिजनों के अनुसार संतोषी की शादी 20 मई 2022 को कस्बा सुमेरपुर निवासी आकाश पाल से हुई थी। अक्टूबर 2022 में बीमारी के चलते पति की मौत हो गई थी। उस समय वह गर्भवती थी और मायके आकर उसने एक पुत्र को जन्म दिया।

बीते वर्ष दशहरा के समय परिजनों ने उसकी दूसरी शादी कानपुर क्षेत्र के बंसल पुरवा में कराई थी, जहां वह करीब दो माह रही। लगातार पारिवारिक परेशानियों के चलते उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई और वह दोबारा मायके लौट आई। पिता का कहना है कि लंबे समय से बीमारी, मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी के कारण संतोषी अवसाद में थी, इसी कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

# पीएम आवास की पहली किस्त आने की खुशी मातम में बदली, वृद्ध की मौत

{ दीवार गिरने से हादसा }

» जलालुद्दीन, स्वराज जागरण ब्यूरो।

**हमीरपुर। मौदहा कस्बे में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त मिलने की खुशी उस समय मातम में बदल गई, जब कच्चा मकान गिराते समय दीवार के नीचे दबकर एक वृद्ध की मौत हो गई।**



घटना मौदहा के बाकी तलैया मोहल्ले की है। परिजनों के अनुसार मोहम्मद इकबाल के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी हुई थी। नए पक्के मकान के निर्माण की तैयारी के तहत वह अपने पुराने कच्चे घर की दीवार गिरा रहे थे। इसी दौरान अचानक पुरानी दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई, जिससे वे मलबे के नीचे दब गए। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग आनन फानन में मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। गंभीर हालत में मोहम्मद इकबाल को मौदहा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रियां और दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# चांदपुर में डेयरी में लाखों की चोरी, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**» रात में डेयरी बंद कर घर गए थे संचालक, सुबह टूटा मिला ताला।**

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।



**चांदपुर। बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला हल्दौर रोड स्थित आशियाना कॉलोनी का है, जहां देर रात अज्ञात चोरों ने एक डेयरी को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।**

जानकारी के अनुसार डेयरी मालिक फुरकान अहमद रोज की तरह रात करीब 12 बजे डेयरी बंद कर अपने घर चले गए थे। अगली सुबह जब उनका बेटा दूध लेने डेयरी पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा गया तो आठ इंडियन गैस सिलेंडर, एक जनरेटर, इनवर्टर और बैटरी, 50 किलो क्रीम की केन, 60 किलो मावा सहित कई अन्य बर्तन गायब थे।

डेयरी संचालक ने चोरी से करीब दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित फुरकान अहमद की ओर से थाने में तहरीर सौंप दी गई है। वहीं लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्रीय लोगों में पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और गश्त व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# डीएम ने राजनीतिक दलों से फॉर्म-6 भरवाने में सहयोग का किया आह्वान

{ महत्वपूर्ण बैठक }

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। यह बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत निर्वाचक नामावली से जुड़े कार्यों की समीक्षा करना रहा।**



बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत दावे और आपत्तियों पर सुनवाई का कार्य 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। इनके लिए अलग अलग स्थान भी निर्धारित किए गए हैं, जहां दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि बिजनौर जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक फॉर्म 6 के कुल 66 हजार 695 आवेदन, फॉर्म 7 के 2 हजार 384 आवेदन और फॉर्म 8 के 28 हजार 039 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि दावे और आपत्तियों के निस्तारण के कार्य में तेजी लाई जाए और निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवा युवतियों के फॉर्म 6 भरवाने में सक्रिय सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों से अपने अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को सक्रिय करने का आह्वान किया, जिससे दावे और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस पार्टी से काजी आतिफ सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजनौर केमिस्ट एसोसिएशन ने पीएम सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

» केमिस्टों और रिटेलरों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने पर दिया जोर।

» विशेष संवाददाता, स्वराज जागरण।



**बिजनौर। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में नकली और अधोमानक दवाओं की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि प्रत्येक दवा बैच के निर्माण के तुरंत बाद उसकी अनिवार्य और समयबद्ध प्रयोगशाला जांच कराई जाए। दवाओं को बाजार में तभी भेजने की अनुमति दी जाए जब वे सभी मानकों पर पूरी तरह सही पाई जाएं। एसोसिएशन ने मांग की कि इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी दवा निर्माण इकाइयों की निगरानी कर रहे अधिकारियों पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही ईमानदार केमिस्टों और रिटेलरों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

ज्ञापन में दवा निर्माण और वितरण तंत्र में शून्य सहनशीलता नीति लागू करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को पूरी तरह जवाबदेह बनाने और निर्माण इकाइयों की सघन निगरानी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।

संगठन ने कहा कि यदि किसी अधिकारी को नकली या अधोमानक दवाओं के निर्माण अथवा वितरण में किसी व्यक्ति, फर्म या इकाई की संलिप्तता की जानकारी मिलती है, तो उनका यह वैधानिक और नैतिक दायित्व है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर ऐसी गतिविधियों को रोकें। ऐसा न करना अपराध में मौन सहभागिता के समान माना जाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, पीएस मालिक, कमर हैदर, सोनू चौधरी सैफी, केके अग्रवाल, नाहर सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# समाजसेवी व श्रीरामलीला समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र अग्रवाल का निधन

» शनिवार को गंगा बैराज पर होगा अंतिम संस्कार।

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।



**झालू। नगर के मोहल्ला महाजनान निवासी वरिष्ठ समाजसेवी और श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष 85 वर्षीय पुष्पेंद्र अग्रवाल का बीमारी के चलते शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।**

बताया गया कि पुष्पेंद्र अग्रवाल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार जारी था। शुक्रवार सुबह उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों में गहरा शोक व्याप्त है।

पुष्पेंद्र अग्रवाल नगर में धार्मिक आयोजनों विशेषकर श्रीरामलीला मंचन को सशक्त और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे। उनके नेतृत्व में श्रीरामलीला समिति ने वर्षों तक नगर की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखा। सरल स्वभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण के कारण वे हर वर्ग में सम्मानित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धार्मिक संगठनों ने उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। परिजनों के अनुसार पुष्पेंद्र अग्रवाल का अंतिम संस्कार शनिवार को गंगा बैराज पर किया जाएगा।

# मरीजों से शालीन व्यवहार और समय पर रेफरल सुनिश्चित करने पर जोर

» मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कॉशलेंद्र ने लापरवाह कर्मियों को दी चेतावनी।

» रिज़वान सिद्दीकी, स्वराज जागरण ।

**बिजनौर। जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने कादराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली, साफ सफाई व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया।**



कादराबाद पीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ओपीडी व्यवस्था, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण और जांच सेवाओं की समीक्षा की। पंजीकरण काउंटर पर पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देश दिए कि मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जाए।

सीएमओ ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वेश निराला सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि शासन की ओर से संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि आमजन को एक ही परिसर में गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि मरीजों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा दवाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गंभीर रोगियों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बिना विलंब उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर किया जाए, ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद नागरिकों को नियमित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

कुछ व्यवस्थागत कमियां सामने आने पर सीएमओ ने संबंधित फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए भविष्य में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। हालांकि निरीक्षण के समय सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने अपने कार्यस्थल पर उपस्थित पाए गए, जिसे संतोषजनक बताया गया।

# मंडावर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**मंडावर । मंडावर थाना प्रांगण में आगामी त्योहारों को लेकर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी समित राठी ने की।**

इस दौरान ग्राम प्रधान, समाजसेवी, रविदास कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा सभी से अपील की गई कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग, साफ-सफाई एवं कानून व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नगर के गण माननीय , समाजसेवी, ग्राम प्रधान सहित पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# डीएम को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर काष्ठ कला उद्यमियों ने जताई खुशी

## नगीना वुड हैन्डी क्राफ्ट एसोसिएशन ने दीं बधाई, सौंपा विस्तार प्रस्ताव




» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**नगीना। वुड हैन्डीक्राफ्ट एसोसिएशन नगीना के महासचिव खुर्शीद अहमद कुरैशी एवं समस्त सदस्य व पदाधिकारियों ने बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर को एसआईआर कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से माननीया राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने का स्मृति चिन्ह स्वरूप फोटो फ्रेम भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

इस अवसर पर जिला उद्योग बन्धु की बैठक के दौरान वुड हैन्डीक्राफ्ट एसोसिएशन नगीना के महासचिव ने नगीना सहकारी कताई मिल स्थित नगीना बिजनौर रोड की भूमि पर काष्ठ कला उद्योग के विस्तार एवं सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सम्पूर्ण नगीना एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काष्ठ कला उद्योग से हजारों लोग अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण अधिकांश कारीगर अपने घरों में ही कार्य करने को मजबूर हैं।

नगीना की काष्ठ कला विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है और लगभग 80 प्रतिशत उत्पाद विदेशों में निर्यात किए जाते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा अर्जित होती है। यह उद्योग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महासचिव ने अनुरोध किया कि सहकारी कताई मिल परिसर में काष्ठ कला उद्योग की इकाइयां स्थापित करने का अवसर प्रदान किया जाए, जिससे यह उद्योग और अधिक गति के साथ विकसित होकर देश एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके।

# बिजनौर पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया, सोने-चांदी के जेवर बरामद



» कार्यालय संवाददाता, स्वराज जागरण।

» न्यायिक अधिकारी के आवास में चोरी का मामला

**बिजनौर। बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी में एक महिला न्यायिक अधिकारी के आवास में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। यह चोरी 29 दिसंबर की रात को हुई थी, जिसमें चोरों ने 20 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और नकदी चोरी कर ली थी।**

महिला न्यायिक अधिकारी ने 1 जनवरी को शहर कोतवाली में इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने चोरी का माल रखने के आरोप में मनोज वर्मा, उसकी बहन कीर्ति और रीता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले के मुख्य आरोपी नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मुस्सेपुर पाडली निवासी सोनू शर्मा और घनश्याम पहले से ही बाइक चोरी के एक अन्य मामले में जेल में बंद थे।

शहर कोतवाली पुलिस ने इन दोनों आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया। चार घंटे की रिमांड के दौरान पुलिस ने चोरी किए गए कुंडल, गिन्नी धातु और एक जोड़ी पाजेब बरामद की। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को वापस जेल भेज दिया गया है।

# नजीबाबाद में शराब-नॉनवेज खाने से युवक की मौत तीन की हालत गंभीर







» आतिफ शेख, स्वराज जागरण ब्यूरो।

**पुलिस बिजनौर/नजीबाबाद। जनपद बिजनौर के नजीबाबाद रेलवे स्टेशन रोड पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे शराब और नॉनवेज के सेवन से एक युवक की मौत हो गई है। इस दौरान तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार दोस्त एक साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे और नॉनवेज खा रहे थे। इसी दौरान अचानक नौशाद नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जबकि मौजूद अन्य तीन लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।क्षघटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने घटनास्थल से बीयर और शराब की बोतलें तथा अन्य संबंधित सामान एकत्र कर जांच के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल सिंह और रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज एसआई सौरभ कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# महिला ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, पति रेलवे कर्मचारी

## 15 साल पहले हुई थी शादी, घर में लटका मिला शव






» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**बिजनौर/ नजीबाबाद। जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के आदर्श नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान रूपाली राजपूत, पत्नी अंकित राजपूत के रूप में हुई है।**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना तब सामने आई जब रूपाली के बच्चे स्कूल से घर लौटे और उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया। मोहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया, तो रूपाली राजपूत फांसी पर लटकी मिलीं। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपाली राजपूत के पति अंकित राजपूत रेलवे में कर्मचारी हैं। उनकी शादी को लगभग 15 वर्ष हो चुके थे। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# कांवड़ यात्रा से पहले प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने मार्गों का किया निरीक्षण

» जगह-जगह पाए गए गहरे गड्ढों पर जताई नाराजगी, तत्काल भरवाने के निर्देश

» शहर संवाददाता, स्वराज जागरण।

**नगीना/बिजनौर। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नगर व आसपास के कांवड़ मार्गों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां जहां व्यवस्थाओं में कमी पाई गई, वहां संबंधित विभागों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।**



निरीक्षण की शुरुआत बढ़ापुर रायपुर तिराहा बाईपास से हुई, जो नगर क्षेत्र में श्री कृष्ण गौशाला सैयदवाडा, पहाड़ी दरवाजा बाजार, साहुवान बाजार, खोखरन्नाथ मंदिर, जामा मस्जिद चौराहा, बारादरी बाजार, श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर होते हुए मोहल्ला बिश्नोई सराय तक संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार, थाना प्रभारी अवनीश मान तथा नगर पालिका के इफ्तिखार जैदी भी मौजूद रहे। कांवड़ मार्गों पर जगह जगह पाए गए गहरे गड्ढों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने उन्हें तत्काल भरवाने और मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए।

एसडीएम विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि शिवभक्त कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, नियमित गश्त बढ़ाई जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए। साथ ही आगामी धार्मिक पर्वों को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# बालिकाओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता पर दी जानकारी



» स्वराज जागरण संवाददाता।

**झालू। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किशोरी बालिका (माध्यमिक) कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय सेमिनार श्रृंखला के दूसरे दिन जागरूकता सेमिनार आयोजित हुआ। चिकित्सकों ने छात्राओं को किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक बदलावों पर विस्तृत जानकारी दी।**

सेमिनार में डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. उषा सिंह, डॉ. हेमेन्द्र सिंह व डॉ. आयुषी भारद्वाज ने भाग लिया। उन्होंने छात्राओं के सवालों के जवाब देते हुए स्वास्थ्य मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। चिकित्सकों का कहना था कि सही जानकारी व समय पर परामर्श से किशोरावस्था की अधिकांश परेशानियां टाली जा सकती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या चारू ने की। उन्होंने महावारी के दौरान स्वच्छता, संतुलित भोजन व आत्मविश्वास पर जोर दिया। उनका कहना था, जागरूकता ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। संचालन रजनी श्रीवास्तव ने किया। ओर सेमिनार में सैनिटरी पैड्स के सुरक्षित निपटान की विधियों, वेंडिंग मशीन व इंसीनरेटर के उपयोग पर सरल भाषा में चर्चा हुई। छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता अपनाने की समझाई।

# राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं ने भी दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**{ 78वीं पुण्यतिथि }**

**» रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी रहे मौजूद।**

» नई दिल्ली, एजेंसी।।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके अलावा अन्य नेताओं ने भी बापू को नमन किया। प्रधानमंत्री के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। सभी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को याद किया। इससे





पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्श भारत के विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के संकल्प के केंद्र में हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन। पूज्य बापू ने हमेशा स्वदेशी पर जोर दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कर्म भारतीय पीढ़ियों को कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। महात्मा गांधी ने भाषा, क्षेत्र और जाति में बंटे देश को एक कर आजादी के आंदोलन को व्यापकता दी। स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गांधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।

खरगे और राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपिता को याद किया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में गांधीवादी मूल्यों से जुड़े एक जाने-माने भक्ति पद वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे, पर-दुखे उपकार करे तोये मन अभिमान नाआणे रे के माध्यम से महात्मा गांधी की शिक्षाओं को याद किया।

उन्होंने कहा कि नफरत की ताकतों ने देश को बापू से अलग कर दिया, उनका मुकाबला उनके आदर्शों से किया जाना चाहिए।

वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं। वह सोच, जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## आरटीआई से वैवाहिक जीवन का लेखा-जोखा नहीं मांगा जा सकता

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि आरटीआई (सूचना का अधिकार) अधिनियम के जरिये वैवाहिक जीवन का लेखा-जोखा नहीं मांगा जा सकता है। सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत दायर एक याचिका में राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम की पीठ ने स्पष्ट किया है कि आरटीआई का इस्तेमाल निजी वैवाहिक संबंधों की जांच-पड़ताल के लिए नहीं किया जा सकता।**

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक पीठ ने यह व्यवस्था संत कबीर नगर की एक महिला की ओर से दायर अपील को निस्तारित करते हुए दी। पति के साथ अलगाव के बाद महिला द्वारा आरटीआई के तहत आवेदन प्रस्तुत करते हुए जानना चाहा था कि क्या वह अपने पति के साथ विधिक पत्नी के रूप में रहती है या नहीं? यदि नहीं तो उसके वैवाहिक संबंधों के बारे में ग्राम प्रधान को क्या जानकारी है? और क्या उसके पति ने अपनी विधिक पत्नी को बिना तलाक दिए बिना दूसरी महिला को पत्नी के रूप में रखा है तथा उससे उत्पन्न बच्चों का नाम व उम्र क्या है?

जन सूचना अधिकारी ने इस पर यह उत्तर दिया कि ऐसी कोई सूचना ग्राम पंचायत के अभिलेखों में धारित नहीं करती। आवेदिका इस उत्तर से सहमत नहीं हुई और उसके द्वारा सूचना आयोग के समक्ष अपील दायर की गई। आयोग ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत से यह अपेक्षा करना कि वह नागरिकों के वैवाहिक जीवन, निजी संबंधों अथवा पारिवारिक विवादों का रिकॉर्ड रखे, आरटीआई अधिनियम की भावना का अनावश्यक विस्तार है।

# बदायूं में गंगा एक्सप्रेस वे के पास बनेगा हैलीपेड, चार धाम को मिलेंगे हेलीकॉप्टर

### गुप्तकाशी तक डबल इंजन के चौपर चलाने की हो रही तैयारी, जल्द मिलेगा लाभ

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**बदायूं। चार धाम के लिए बरेली मंडल से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए यूपी और उत्तराखंड के अधिकारियों के बीच मंथन तेजी से चल रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे के पास बदायूं के बिनावर में हेलीपैड बनाने की तैयारी है ताकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों को भी इसका लाभ मिल सके। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के लिए बरेली मंडल से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। लंबे समय से यहां से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग उठ रही है, ताकि बुजर्गों के साथ ही दिव्यांग भी आसानी से चार धाम यात्रा के लिए जा सकें।**

मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने इसके लिए प्रयास शुरू किए थे। अब



यह प्रयास तेजी से हकीकत की ओर बढ़ रहे हैं। कमिश्नर की इस संबंध में उत्तराखंड के अधिकारियों से कई राउंड की वार्ता हो चुकी है, जो नया प्रस्ताव तैयार हुआ है, उसमें गंगा एक्सप्रेसवे के पास बदायूं के बिनावर में हेलीपैड बनाने की तैयारी हो रही है। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक जा रहा है। कमिश्नर का मानना है कि यदि हेलीकॉप्टर सेवा गंगा एक्सप्रेसवे के आसपास से मिलती है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे जिलों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

उत्तराखंड से चार धाम यात्रा के लिए अभी जो हेलीकॉप्टर चल रहे हैं वह सिंगल इंजन वाले हैं। बरेली मंडल से डबल इंजन के हेलीकॉप्टर को चलाने की तैयारी है। यह आर्थिक रूप से भले ही खर्चीला हो मगर सुरक्षा के लिहाज से ज्यादा बेहतर हैं। अधिकतर सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर में वेदर रडार जैसी जरूरी प्रणाली नहीं होती है। इस कारण पहाड़ों की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में मौसम का सटीक पूर्वानुमान लगाना कठिन हो जाता है। पिछले वर्ष चार धाम यात्रा के दौरान हुए हेलीकॉप्टर हादसों का यह प्रमुख कारण भी माना गया था।

बिनावर से जो हेलीकॉप्टर उड़ेगा, वह श्रद्धालुओं को उत्तराखंड के गुप्तकाशी तक पहुंचाएगा। गुप्तकाशी हेलीपैड से श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम और बाकी तीर्थ स्थलों के लिए दूसरा हेलीकॉप्टर मिलेगा। बरेली से बिनावर की दूरी 36 किलोमीटर है।

बरेली कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए बरेली मंडल से हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू करने के लिए उत्तराखंड से निरंतर संवाद चल रहा है। बदायूं के बिनावर में गंगा एक्सप्रेस वे के पास हेलीपैड विकसित करने की तैयारी है, ताकि रुहेलखंड के साथ-साथ मेरठ और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों को भी चार धाम की हेलीकॉप्टर सुविधा का लाभ मिल सके।

## बीएसए पर गुस्साए बीजेपी के पूर्व विधायक, दफ्तर पहुंचकर दी चेतावनी, वीडियो वायरल

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**यूपी के मुजफ्फरनगर में गुरुवार को बुढ़ाना के पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक बीएसए कार्यालय में पहुंचे और बीएसए पर कार्यप्रणाली को लेकर जमकर भड़के। पूर्व विधायक ने विभाग में शिक्षक-शिक्षिकाओं का मानसिक एवं आर्थिक उत्पीड़न का आरोप लगाया।**

बीएसए के स्तर पर एक महिला शिक्षिका को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का मामला सामने आया है। पूर्व विधायक ने कहा कि बेसिक विभाग में किसी भी शिक्षक-शिक्षिका का मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बीएसए को जनपद में नहीं रहने देने की चेतावनी दी है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि स्वराज जागरण वीडियो की पुष्टी नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार एक महिला शिक्षिका रश्मि ने अनुभव



प्रमाण के लिए आवेदन किया हुआ है। रश्मि का वर्ष 2021 में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती में सहायक अध्यापक के पद पर चयन हुआ था। बताया जाता है कि कहीं पर काउंसलिंग के लिए उन्हें अपने पुराने शिक्षण अनुभव के सत्यापन की आवश्यकता थी। शिक्षिका का आरोप है कि वह 10 दिनों से बीएसए कार्यालय में चक्कर काट रही है, लेकिन उसे विभागीय नियमों का हवाला देकर अनुभव प्रमाण पत्र अभी तक जारी नहीं किया गया। शिक्षिका ने इसकी शिकायत बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक से की। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करने की बात कही है।

इस मामले को लेकर गुरुवार को जब पूर्व विधायक उमेश मलिक शिक्षिका की पैरवी लेकर बीएसए कार्यालय पहुंचे, तो वहां बीएसए से तीखी बहस हो गई। इतना ही नहीं अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने पर पूर्व विधायक उमेश मलिक बीएसए संदीप कुमार पर जमकर भड़के। इस दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया और इसे शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## महाराष्ट्र: सुनेत्रा पवार आज ले सकती हैं उप मुख्यमंत्री की शपथ



» पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी।

**राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार आज को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, आज राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जायेगा। सूत्र ने बताया, ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।**

### विधायक दल की बैठक में चुना जाएगा नेताः भुजबल

महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को मुंबई में होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाना लगभग तय है। भुजबल ने यहां राकांपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक शनिवार अपराह्न में दक्षिण मुंबई के विधान भवन में राकांपा कार्यालय में होगी। सूत्रों ने कहा कि सुनेत्रा पवार इस बैठक में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि विधानमंडल दल द्वारा उन्हें नयी नेता चुने जाने की संभावना है और वे संभवतः आज शनिवार को ही उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं।

हालांकि, बुधवार को विमान दुर्घटना में अजित पवार की मृत्यु के बाद पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट खाली हो गई है। भुजबल ने कहा, राकांपा विधायक दल की बैठक आज शनिवार को होगी, जिसमें सुनेत्रा पवार को उसकी नेता चुना जाएगा।

## अध्ययन: राजस्थान मॉडल से प्रदेश में होंगे नवाचार

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर संवेदनशील व ठोस प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने 28 से 30 जनवरी तक राजस्थान का भ्रमण कर वहां संचालित दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं का अध्ययन किया।**

जयपुर प्रवास के दौरान उन्होंने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। इसके अलावा उन्होंने जयपुर स्थित भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति का निरीक्षण कर संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण और



पुनर्वास सेवाओं का अवलोकन किया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन दिव्यांगजनों को आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रहा है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में दिव्यांगजनों के कल्याण, शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। राजस्थान भ्रमण से मिले अनुभवों के आधार पर उत्तर प्रदेश में योजनाओं को अधिक तकनीकी नवाचार अपनाने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## लखनऊ में कैंसर स्क्रीनिंग और बाल नेत्र जांच को मिला तकनीकी सहारा

**{ योगी सरकार पहल }**

» विशेष संवाददाता, स्वराज जागरण।

**लखनऊ। आकांक्षी नगर योजना के तहत लखनऊ में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एक नई पहल शुरू की गई है। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज में डिजिटल सर्वाइकल व स्तन कैंसर स्क्रीनिंग तथा डिजिटल ऑटो-रेफ्रेक्शन से बच्चों की आंखों की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनों का शुभारंभ किया गया। यह पहल स्वास्थ्य विभाग एवं सम्यक-कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के सहयोग से की गई, जिसका उद्घाटन महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने किया।**

महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने कहा कि राज्य सरकार निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए तकनीक आधारित समाधान तेजी




से लागू कर रही है। वहीं डिजिटल कैंसर स्क्रीनिंग से महिलाओं में गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव होगी, जिससे समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा। वहीं डिजिटल ऑटो-रेफ्रेक्शन तकनीक बच्चों की दृष्टि जांच को सरल, सटीक और तेज बनाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि इस पहल से बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को नई गति मिलेगी। ऑटो-रेफ्रेक्शन मशीन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को सौंपी जाएगी, जो स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित जांच कर जन्मजात व दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि इस डिजिटल पहल से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी।

इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों की दौड़ से राहत मिलेगी और प्राथमिक स्तर पर ही सटीक जांच संभव हो सकेगी। इस मौके पर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. संजू अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. अलका शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिवाकर भारद्वाज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लखनऊ में करीब दो करोड़ रुपये की हेरोइन की जब्त

» वरिष्ठ संवाददाता, स्वराज जागरण ब्यूरो।

**लखनऊ। केंद्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो (सीबीएन) ने शुक्रवार को एक कथित तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 280 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जब्त हेरोइन की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये है। सीबीएन की उत्तर प्रदेश इकाई के उपायुक्त प्रवीण बाली ने बताया कि यह बरामदगी बख्शी का तालाब तहसील के लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित इंतौजा टोल प्लाजा पर चलाए गए एक अभियान के दौरान की गई।**

यह अभियान विशिष्ट सूचना के आधार पर चलाया गया था। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के लखनऊ में हेरोइन पहुंचाने के लिए जाने की सूचना मिली थी जिसके बाद सीबीएन की एक टीम ने उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 0.280 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक शशिकान्त तिवारी द्वारा दीक्षित प्रिंटिंग प्रेस, 102/52/1, बायसी की मस्जिद, नवाब कज्जन का हाता, मॉडल हाउस, हुसैनगंज, लखनऊ (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस, 20-ए, शिवाजी मार्ग, हुसैनगंज, लखनऊ- 226001 (उ0प्र0) से प्रकाशित।
ईमेल: swarajjagran.up@gmail.com | संपादक: रतन प्रकाश सिंह, मोबा: 6387745932 | सह-संपादक: बी.पी. सिंह | उप-संपादक: सत्यदेव शुक्ला | पुष्पेंद्र यादव समाचार संपादक: पुरुषोत्तम सिंह राठौर | प्रबंध संपादक: राहुल शर्मा | सह-संपादक: आशीष कुमार।

नोटः समाचार पत्र में प्रकाशित लेख-समाचार, लेखकों के अपने विचार एवं प्राप्त सूचनाओं पर आधारित हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।